दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 37 | जयपुर, सोमवार, 15 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 | पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



## दिन में रंग-बिरंगी पतंगों और शाम को आतिशी नजारों से सजा आसमान

# फिजां में गूंजता रहा वो काटा का शोर



फोटो: पंकज शर्मा

## दोपहर बाद बना पतंगबाजी का जोशीला माहौल, सुबह हवा ने नहीं दिया साथ

**बेधड़क । जयपुर**
दान पुण्य का पर्व मकर संक्रांति देशभर में उत्साहपूर्वक मनाया जाता है, लेकिन छोटी काशी जयपुर में पतंगबाजी के चलते लोगों में इसका अलग ही उत्साह होता है। यही कारण है कि पूरे देश में एक दिन मनाया जाने वाला यह त्योहार यहां पर दो दिन तक मनाया जाता है और वह भी पूरे जोशो-खरोश से। इस बार भी संक्रांति से एक दिन पहले ही रविवार को पिंकसिटी पतंगमय हो गई। दिनभर डीजे की धुनों के साथ आसमान में पतंगें फिरकियां खाती रहीं। अलसुबह छतों पर चढ़े लोग देर शाम तक पतंगबाजी में रमे रहे। वो काटा, वो मारा के शोर के बीच तिल के लड्डू और कचौरी-पकौड़ी के नाश्ते का दौर चलता रहा। अंधेरा हुआ तो लोग लालटेन वाली पतंगें उड़ाते देखे गए। इसके साथ ही जमकर आतिशबाजी भी हुई। बता दें कि मकर संक्रांति सोमवार को होने से इस बार लोगों को पतंगबाजी के लिए छुट्टी दो दिन मिल गए हैं। ऐसे में रविवार को भी लोगों में संक्रांति जैसा ही उत्साह नजर आया। जयपुर की पतंगबाजी देखने देश-विदेश से टूरिस्ट भी जयपुर पहुंचे, जो जलमहल की पाल पर काइट फेस्टिवल में पतंगबाजी को एंजॉय करते दिखे। यह उनके लिए अनोखा एक्सपीरिएंस रहा। यहां पर सैलानियों ने पारंपरिक व्यंजनों का भी लुत्फ उठाया।

## छतों पर रहे शहरवासी, डीजे की धुन के बीच पकवानों का उठाया लुत्फ



### पतंगबाजी की आज भी धूम

जयपुर में मकर संक्रांति हमेशा 14 जनवरी को मनाई जाती है। स्थानीय प्रशासन की तरफ से इस दिन जयपुर जिले में छुट्टी घोषित की जाती है, लेकिन इस बार तिथि के अनुसार मकर संक्रांति 15 जनवरी देखते हुए जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने 15 जनवरी की छुट्टी घोषित है। इस कारण दो दिन लगातार छुट्टी रहेगी। ऐसे में मंगलवार को भी शहर में पतंगबाजी का लुत्फ उठाएंगे।

### घायल पक्षियों का उपचार

वर्गो सांस्कृतिक संस्था की ओर से छोटी चौपड़ कोतवाली थाने के पास केंद्र में डोर-मांझे से घायल हुए करीब 50 पक्षियों का उपचार किया गया। संस्था की अध्यक्ष रूपाली राव ने बताया कि शिविर में पक्षियों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम द्वारा इलाज किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष यह कैंप 13 से 15 तक लगाया जा रहा है। अगर कहीं भी कोई घायल पक्षी दिखे तो संस्था के हेल्पलाइन नंबर 9928 1 39043 पर संपर्क कर सकते हैं। इस मौके पर सचिव रवि कश्यप, सूचना मंत्री सुनील जैन, कोषाध्यक्ष आशा झालानी, कृष्ण अग्रवाल, शुभम जोशी, सुरेंद्र व्यास, ललित जायसवाल पार्षद वार्ड नंबर 72 नगर निगम हेरिटेज, संजय जयसवाल समाजसेवी पवन सिंगल, दीपिका गौड करुणा सैन, प्रीति उपाध्याय, दीपक शर्मा सलमान गौरी मौजूद रहे।

### दान पुण्य का दौर

यूं तो मकर सक्रांति का दान पुण्य सोमवार को किया जाएगा। वहीं रविवार को भी लोग दान करते हुए भी नजर आए। लोग सुबह मंदिरों के सामने तिल, तेल, लड्डू, गुड़ सहित कई चीजों का दान देते हुए भी नजर आए। सोमवार को मकर संक्रांति के मुहूर्त में लोग दान कर पुण्य कमाएंगे।

### रोक के बावजूद उड़ाई पतंग

मकर संक्रांति पर सुबह और शाम 4 घंटे पतंगबाजी पर रोक के बावजूद भी लोग पतंग उड़ाते रहे। सरकार के सुबह 6 बजे से 8 बजे और शाम को 5 से 7 बजे तक पतंगबाजी नहीं करने के आदेशों की भी पालना नहीं हुई। इसके अलावा पतंगबाजी में चाइनीज मांझा, प्लास्टिक, सिंथेटिक मांझा और जहरीले मेटल से बने मांझे पर रोक के बावजूद भी दुकानों पर धड़ल्ले से बिक्री होती रही।

### SKIT सरकार और द बैंडिट्स रहे विजेता

**जयपुर।** जगतपुरा स्थित एसकेआईटी कॉलेज में शुक्रवार को पतंगबाजी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में 500 से अधिक प्रतिभागी थे।

प्रतियोगिता के मुख्य समन्वयक प्रमोद जैन, सौरभ गुप्ता एवं प्रवाह-2024 के समन्वयक अभिषेक गुप्ता रहे। संक्रान्ति पर संपूर्ण कॉलेज का उत्साह देखने लायक रहा। सूर्य के संक्रमण चक्र को बहुत ही धूम-धाम से मनाया गया। पतंगबाज प्रतियोगिता के विद्यार्थी समन्वयकों में अनिरुद्ध सिंह, मनजीत बिजारनिया, अनुष्का सिंह व अंकित लॉयल ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी वर्ग में एसकेआईटी सरकार व द बैंडिट्स रहे तथा फैकल्टी वर्ग में टीम इलेक्ट्रिकल तथा टीम मैकेनिकल रहे।



### परिजनों के संग लिया आनंद



**जयपुर।** मकर संक्रांति पर जयपुर में लोग दिनभर छतों पर रहे। यहां गानों के साथ वो काटा का शोर चलता रहा। मालवीय नगर निवासी समाजसेवी प्रमोद शर्मा ने बताया कि मकर संक्रांति पर पूरा परिवार पतंगबाजी करता है। इस बार भी हम सभी को बहुत मजा आया।

## मकर संक्रांति के निमित्त आज होगा दान पुण्य

### ठाकुरजी ने राधाजी संग उड़ाई सोने की पतंग



मकर संक्रांति पर मंदिरों में विशेष झांकियां सजेंगी। आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को पतंगों की विशेष झांकी सजाई गई।। मंदिर के प्रबंधक मानस गोस्वामी ने बताया कि ठाकुरजी ने सोने की पतंग उड़ाई। राधाजी और सखियां चांदी की चरखी थामे रही। गर्भगृह और जगमोहन को कलात्मक पंतगों से सजाया गया। दर्शनार्थियों को जल, पृथ्वी और बेटी बचाने का संदेश देते हुए की पतंग प्रसाद स्वरूप भेंट की गई। रामगंज बाजार के कांवटियों का खुर्रा स्थित श्री श्याम प्राचीन मंदिर में श्याम प्रभु पतंग में विराजमान नजर आए। मंदिर महंत पं. लोकेश मिश्रा ने बताया कि विशेष प्रकार की रंगीन पतंग बनाकर ठाकुरजी को पतंग के मध्य विराजमान किया गया। बड़ी संख्या में भक्तों ने विशेष झांकी के दर्शन किए। यह झांकी सोमवार तक सजी रहेगी। वहीं, गलता गेट स्थित गीता गायत्री मंदिर में तीन दिवसीय पतंगोत्सव का शुभारंभ हुआ। पं. राजकुमार चतुर्वेदी ने बताया कि गणेशजी महाराज के मंदिर में रंग-बिरंगी पतंगों की झांकी सजाई गई। मंदिर प्रवक्ता नीतीश चैतन्य चतुर्वेदी ने बताया कि इस मौके पर गणेशजी महाराज ने सोने-चांदी की पतंग भी उड़ाई।

### पतंगबाजी का महिलाओं में भी जोश



*मकर संक्रांति की पतंगबाजी के लिए युवाओं और बच्चों के साथ महिलाओं में भी उत्साह दिखाई दिया। घरों की छतों पर महिलाएं भी पतंग उड़ाती नजर आईं। इतना ही नहीं महिलाएं पेच काटने पर जोशीले स्वर में वो काटा...का शोर भी करती दिखीं।*

**पर्यटन विभाग की ओर से हुआ आयोजन**

# डिप्टी CM दीया कुमारी ने जलमहल पर किया काइट फेस्टिवल का उद्घाटन

**बेधड़क | जयपुर**
जलमहल की पाल पर पर्यटन विभाग की ओर से काइट फेस्टिवल का आयोजन किया गया। फेस्टिवल में हजारों की संख्या में देशी और विदेशी पर्यटक पहुंचे। यहां पर लोक कलाकारों ने भी प्रस्तुतियां देते नजर आए। फेस्टिवल का उद्घाटन डिप्टी सीएम दीया कुमारी ने बैलून उड़ाकर किया। उन्होंने अनोखी पतंग एग्जीबिशन की विजिट भी की। एग्जीबिशन में सबसे बड़ी चरखी को प्रदर्शित किया गया। इस दौरान पर्यटन विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ भी उनके साथ मौजूद रहीं।







दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 37 जयपुर, सोमवार, 15 जनवरी, 2024 | पौष, शुक्ल पक्ष- पंचमी, विसं 2080 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00



**अल्बर्ट हॉल**
*कार्यक्रम के लिए तैयार*

फोटो: पंकज शर्मा

**इंतजार की घड़ियां खत्म: छोटी काशी में 'सच बेधड़क' समूह के कार्यक्रम की तैयारियां पूरी, सजा अल्बर्ट हॉल प्रांगण**

# 'भव्य रामाभिषेकम् और विशाल आरती' आज

## पीएम नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर हाथ में लिया 'रामकाज'

## संकल्प हो रहा पूर्ण... प्रभु श्रीराम को निरंतर नमस्कार

विनायक शर्मा

एक दिन बैठे-बैठे अंतर्मन में एक लहर-सी उठती है... उससे रामधुनी प्रस्फुटित होती है और एक प्रेरणा जगती है कि प्रभु श्रीराम के अयोध्या आने के उपलक्ष्य में ताड़केश्वर महादेव और नारायण के रामोपरांत अवतार गोविंददेव जी की छोटी काशी में भव्य उत्सव तो होना ही चाहिए। और, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अयोध्या में रामजन्मभूमि पर प्रभु श्रीराम के भव्य मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के महान् रामकाज के कार्यक्रम ने इस प्रेरणा को मूर्तरूप दे दिया। तब सूर्य उत्तरायण यानी मकर संक्रांति के पावन दिन "रामाभिषेकम उत्सव एवं विशाल आरती" के आयोजन का विचार उठा। इससे पूर्व, प्रभु श्रीराम की प्राकट्य भूमि या कहें जन्मभूमि अयोध्या नगरी के दर्शन करने की प्रेरणा जगी। तो, अवध तीर्थ की यात्रा पर निकल पड़ा, वहां प्रभु श्रीराम वाकई कण-कण में महसूस हुए। संजोग कहें या प्रभु का प्रभाव कि वहां उनका अष्टधातु का विग्रह मिला, जिसे देखते ही हृदय झंकृत हो उठा... दृष्टि उस पर ठहर ही गई, अपलक देखता ही रह गया, किसी ने आवाज दी तो तंद्रा टूटी। फिर क्या था, उन्हें चरणवंदन कर ले आया। वे अकेले तो आ नहीं सकते थे, उनके भक्त शिरामणि हनुमान जी महाराज का चमत्कारिक विग्रह भी प्रभु की कृपा से दिखा और ले आया। उसी दिन निश्चित हो गया कि 15 जनवरी वाला कार्यक्रम तो होगा। आज जीवन के सबसे बड़े इस स्वप्नों में शुमार इस रामकाज के पूर्ण होने का दिन आ ही गया। हुआ यों कि विचार प्रतिपादित होने के दिन से ही मानो 'राम काज करिबे को आतुर...' हनुमान जी ने हर बाधा को ऐसे टाला जैसे कुछ हुआ ही न हो, स्पष्ट है वे इस रामकाज को पूर्ण करवाने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ना चाहते थे। इस रामकाज का जिसने सुना, साथ हो गया, अकेला चला... मगर प्रभु श्रीराम की असीम कृपा ही थी कि सब जुड़ते गए और काफिला बन गया। परिणामतः आज यह रामकाज पूर्ण होने जा रहा है। दोहराऊंगा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरणा मिली और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा, दोनों उपमुख्यमंत्री, दीया कुमारी और प्रेमचंद बैरवा के साथ उनकी पूरी मंत्रिपरिषद, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, भाजपा के संगठन महामंत्री चंद्रशेखर, तमाम केंद्रीय मंत्रियों और प्रदेश के सभी नेताओं के साथ ही संतों-महात्माओं तथा गुरुजनों का आशीर्वाद मिला, जिसके लिए मैं हृदय से आभारी हूं। यह मेरे ऊपर आप सभी का ऋण बना रहेगा।



अंत में मैं श्रीरामचरितमानस के उत्तरकांड के इस श्लोक के साथ प्रभु श्रीराम के चरणों में शीश नवाकर प्रणाम करता हूं...

***केकीकण्ठाभनीलं सुरवरविलसद्विप्रपादाब्जचिह्नं***
***शोभाढ्यं पीतवस्त्रं सरसिजनयनं सर्वदा सुप्रसन्नम्।***
***पाणौ नाराचचापं कपिनिकरयुतं बन्धुना सेव्यमानं।***
***नौमीड्यं जानकीशं रघुवरमनिशं पुष्पकारूढरामम्॥***

**भावार्थः** मोर के कण्ठ की आभा के समान (हरिताभ) नीलवर्ण, देवताओं में श्रेष्ठ, ब्राह्मण (भृगुजी) के चरणकमल के चिह्न से सुशोभित, शोभा से पूर्ण, पीताम्बरधारी, कमल नेत्र, सदा परम प्रसन्न, हाथों में बाण और धनुष धारण किए हुए, वानर समूह से युक्त, भ्राता लक्ष्मणजी से सेवित, स्तुति किए जाने योग्य, जानकीजी के पति, रघुकुल श्रेष्ठ, पुष्पक विमान पर सवार श्री रामचंद्रजी को मैं निरंतर नमस्कार करता हूं।

**■ फिजा को राममय बनाएगी पद्मश्री कैलाश खेर की आवाज**

**■ संत-महात्माओं के मंत्रोच्चारण के साथ होगा श्रीराम का अभिषेक**

- *'सच बेधड़क' के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा ने किया कई नामचीन हस्तियों को आमंत्रित, सभी ने की कार्यक्रम की सराहना*
- कार्यक्रम की तैयारियां पूरी, हजारों लोग पहुंचेंगे
- कई बड़े राजनेताओं के साथ हस्तियां होंगी शामिल

**बेधड़क।** जयपुर

रामनगरी अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा से पहले सोमवार शाम छोटी काशी 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप के अल्बर्ट हॉल पर होने वाले "रामाभिषेकम उत्सव एवं विशाल आरती" कार्यक्रम के से राममय हो जाएगी।

कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। इस कार्यक्रम में पद्मश्री से सम्मानित सिंगर कैलाश खेर अपनी प्रस्तुति देंगे। इस भव्य कार्यक्रम में देश भर के साधु संतों समेत देश-प्रदेश के कई राजनेताओं के साथ ही नामचीन हस्तियां शामिल होंगी। वहीं भगवान राम के इस भव्य आयोजन को लेकर आमजन में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है।

### सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करने का ऐतिहासिक कार्य कर रहे विनायक शर्मा: वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़



राजस्थान सरकार के पूर्व मंत्री एवं भाजपा के वरिष्ठ नेता राजेंद्र राठौड़ ने कहा कि धर्म नगरी छोटी काशी-जयपुर में रामाभिषेकम उत्सव एवं विशाल आरती के ऐतिहासिक कार्यक्रम का आयोजन हो रहा है। इसमें हमें कैलाश खेर जैसे गायक के सुरों में प्रभु श्रीराम की स्तुति सुनने को मिलेगी और भगवान श्रीराम के सिद्ध बालरूप विग्रह का अभिषेक होगा। इस सनातन संस्कृति को पुनर्जीवित करने वाला कार्यक्रम में हम सभी को शामिल होना चाहिए। इस कार्यक्रम के आयोजन के लिए मैं विनायक शर्मा को साधुवाद देता हूं।

### सच बेधड़क परिवार को शुभकामनाएं: देवकीनंदन ठाकुर



प्रसिद्ध कथावाचक देवकीनंदन ठाकुर ने कहा कि सच बेधड़क मीडिया समुह को 'रामाभिषेकम् उत्सव एवं विशाल आरती' कार्यक्रम के लिए बधाई और शुभकामनाएं देता हूं। यह आयोजन निश्चित रूप से 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के प्रति देश में उमड़ रहे उत्साह में और बढ़ोतरी करने वाला साबित होगा।



### पतंग महोत्सव में भी सबने सराहा

किशनपोल बाजार के सौंखियों का रास्ता स्थित 'रामेश्वरम' में पतंग महोत्सव आयोजित किया गया। इस महोत्सव में 'सच बेधड़क' के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा भी शामिल हुए। इस पतंग महोत्सव का आयोजन भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ, राजस्थान के कार्यक्रम संयोजक राजू मंगोड़ीवाला ने किया। इस दौरान राजू अग्रवाल मंगोड़ीवाला समेत वहां मौजूद लोगों ने विनायक शर्मा का स्वागत किया। साथ ही, रामाभिषेकम् एवं विशाल आरती समारोह की सराहना की।

### सीएम शर्मा ने किया महोत्सव का शुभारंभ




पतंग महोत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री भजनलाल जी शर्मा ने भगवान राम के स्लोगन से रचित पतंगों का विमोचन कर व पतंग उड़ा कर किया। इससे पूर्व मंगोड़ीवाला ने मुख्यमंत्री का तिलक लगा शाल व दुपट्टा ओढ़ाने के साथ ही पतंग भेंट कर स्वागत किया। मंगोड़ीवाला ने बताया कि पिछले चार दशक से उनके पिता मोहनदास अग्रवाल ने धार्मिक परम्परानुसार मकर संक्रान्ति पर्व मनाया, उसी कड़ी को वे आगे बढ़ा रहे हैं। इस मौके पर भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी, पूर्व मंत्री अरुण चतुर्वेदी, गोपालन मंत्री जोगाराम कुमावत, हेरिटेज निगम मेयर ड़ॉ.सौम्या गुर्जर, कांग्रेस नेता वैभव गहलोत आदि मौजूद रहे।

## सुप्रीम कोर्ट ने चित्तौड़गढ़ किले के संरक्षण के दिए आदेश

# पांच किमी के दायरे में विस्फोट पर लगाई रोक

**एजेंसी।** नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने राजस्थान के एएसआई संरक्षित ऐतिहासिक महत्व के चित्तौड़गढ़ किले के संरक्षण के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने किले के पांच किलोमीटर के दायरे में खनन आदि के लिए किसी भी तरह के विस्फोट पर रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने दो सप्ताह के भीतर एक विशेषज्ञ समिति का गठन करने का निर्देश दिया है, जो पर्यावरण प्रदूषण और पांच किलोमीटर के दायरे से बाहर खनन के लिए किये जाने वाले




विस्फोट के किले पर पड़ने वाले प्रभाव का अध्ययन करेगी। यह कमेटी 5 जुलाई तक रिपोर्ट सौंपेगी।

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस एसवीएन भट्टी की पीठ ने गत 12 जनवरी को दिए आदेश में चित्तौड़गढ़ किले पर खनन के लिए किए जाने वाले विस्फोट और आसपास के प्रदूषण के किले पर पड़ने वाले प्रभाव के प्रति चिंता जताई है।

कोर्ट ने किले पर विस्फोट के प्रभाव व अन्य प्रदूषण के प्रभाव का अध्ययन के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित करने का आदेश दिया है। कोर्ट ने कहा है कि भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (इंडियन स्कूल आफ माइन्स) धनबाद झारखंड के चेयरमैन एक विशेष टीम गठित करेंगे जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ शामिल होंगे जैसे सिविल इंजीनियरिंग, भूकंप इंजीनियरिंग, स्ट्रक्टचरल जिओलाजी और खनन इंजीनियरिंग के लोग होंगे। विशेषज्ञ समिति का गठन दो सप्ताह में किया जाएगा।

### किले में दरारें आने की क्या है वजह!

कोर्ट ने यह भी कहा है कि राजस्थान स्टेट प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (RSPCB) के चीफ इंजीनियर समिति के मेंबर सेक्रेटरी होंगे। यह विशेषज्ञ कमेटी अध्ययन करेगी कि पांच किलोमीटर के दायरे के बाहर होने वाले विस्फोट का क्या किले की इमारत पर कोई प्रभाव पड़ता है। किले की उम्र के अलावा वहां दरारें आने के और क्या कारण हैं। क्या अनियंत्रित संख्या में पर्यटकों का किले की इमारत पर कोई विपरीत प्रभाव पड़ता है यदि हां तो इसे रेगुलेट करने के क्या सुझाव हैं।

## दुनिया के मशहूर शायर मुनव्वर राणा नहीं रहे

**लखनऊ।** मशहूर शायर मुनव्वर राणा का रविवार को दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। वह 71 वर्ष के थे। उन्होंने लखनऊ के पीजीआई में अंतिम सांस ली। वह लंबे समय से बीमार चल रहे थे और उनका इलाज चल रहा था।



मुनव्वर राणा को अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया था। जानकारी के मुताबिक, मुनव्वर राणा को किडनी की बीमारी थी और हफ्ते में तीन बार उन्हें डायलसिस से गुजरना पड़ता था। पिछले दिनों उन्हें निमोनिया भी हुआ था। राणा को साहित्य अकादमी पुरस्कार और माटी रतन सम्मान से सम्मानित किया गया था।

**पाकिस्तान में भी जय श्री राम**

# क्रिकेटर कनेरिया को श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा का इंतजार

- पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर ने भगवान राम को बताया अपना राजा
- हाथ में भगवा ध्वज लेकर किया उद्घोष, 'जय जय श्री राम'
- करते हैं भारत की तारीफ, लगा चुके पाक में अपने साथ भेदभाव का आरोप

**बेधड़क।** इस्लामाबाद

अयोध्या में बन रहे भव्य राम मंदिर को लेकर न सिर्फ भारत में, बल्कि पाकिस्तान में भी लोग उत्सुक नजर आ रहे हैं। इसी माह 22 जनवरी को रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का लोग बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। वहीं, पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर दानिश कनेरिया भी इस भव्य उत्सव को लेकर काफी उत्साहित नजर आए हैं।

उन्होंने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर को लेकर सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर किया है। इस पोस्ट में पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर ने भगवान राम को अपना राजा बताया है। अयोध्या में राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में अब कुछ ही दिन बचे हैं, ऐसे में पाकिस्तान के पूर्व स्पिनर दानिश कनेरिया ने सोशल मीडिया पर लिखा, "हमारे राजा श्री राम का भव्य मंदिर बनकर तैयार है। और अब सिर्फ 8 दिन का इंतजार है। जय श्री राम।"



इस पोस्ट के साथ कनेरिया ने अपनी एक तस्वीर भी शेयर की। इस तस्वीर में पूर्व पाकिस्तानी स्पिनर भगवा झंडा लेकर खड़े नजर आ रहे हैं। यह पोस्ट इस वक्त सोशल मीडिया पर खूब शेयर किया जा रहा है।

### पीएम मोदी के मुरीद हैं कनेरिया

दानिश कनेरिया पाकिस्तान क्रिकेट टीम में अपने साथ हुए भेदभाव को लेकर कई बार सार्वजनिक मंचों पर बयान चुके हैं। वे लगातार भारत के समर्थन में बोलते आए हैं। हाल ही में उन्होंने मालदीव और भारत के बीच विवाद के दौरान भी एक पोस्ट किया था। इस पोस्ट में उन्होंने बस 'लक्षद्वीप' लिखकर एक फायर वाली इमोजी शेयर की थी। दानिश कनेरिया प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भी मुरीद हैं और पिछले कुछ समय से लगातार प्रधानमंत्री की तारीफ सोशल मीडिया पर करते नजर आ जाते हैं।

### अयोध्या में होगा भव्य कार्यक्रम

अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी को होने वाली है। कार्यक्रम से पहले ही 15 जनवरी से सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू हो जाएंगे जो अगले 70 दिनों तक लगातार संचालित होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी यजमान के रूप में अयोध्या में मौजूद होंगे। इस कार्यक्रम के लिए खास तैयारियां की गई हैं। इस कार्यक्रम में देश-विदेश से भक्तगण अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के साक्षी बनेंगे।

## जरूरी खबर

### कांग्रेसियों ने निकाली भारत जोड़ो न्याय यात्रा



**सीकर।** जिला कांग्रेस कमेटी की ओर से रविवार को शहर में भारत जोड़ो न्याय यात्रा निकाली गई। यात्रा जाट बाजार से रवाना होकर कल्याण सर्किल, सिल्वर जुबली रोड, बजरंग कांटा होते हुए सर्किट हाउस पहुंची, जहां शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की गई। इस दौरान विधायक राजेंद्र पारीक ने कहा कि यह न्याय यात्रा उन लोगों के लिए है जो गरीब, शोषित और महंगाई से त्रस्त हैं। देश की जनता केंद्र में भाजपा के शासन से परेशान हो चुकी है।

### बंगाल में संतों से मारपीट का लोगों ने जताया विरोध

**झालावाड़।** झालरापाटन में शनिवार को पश्चिम बंगाल के पुरुलिया में गंगासागर जा रहे साधु-संतों से तृणमूल कार्यकर्ताओं द्वारा मारपीट की घटना पर आक्रोश जताया गया। इस घटना के विरोध में रविवार को सर्व हिंदू समाज की ओर से वाहन रैली का निकाली गई। लोगों ने बंगाल सरकार व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। रैली का समापन तहसील कार्यालय पर हुआ। इस दौरान तहसीलदार व थाना अधिकारी को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इसमें सख्त कार्रवाई किए जाने की मांग की गई। लोगों ने कहा कि कुछ पार्टियों की ओर से हिंदू विरोधी गतिविधियां चलाई रही है, जिसे हिंदू समाज किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं करेगा।

### धावकों ने दौड़ और साइक्लिंग से दिया फिटनेस का मंत्र



**कोटा।** जिले में सुबह 6.30 बजे सेहत का संदेश देते हुए कोटावासियों ने दौड़ लगाई व साइक्लिंग की। दौड़ महाराव उम्मेद सिंह स्टेडियम नयापुरा से शुरू हुई। फिटनेस दौड़ के लिए 450 धावकों ने अपना रजिस्ट्रेशन करवाया था। इवेंट कोऑर्डिनेटर रुचि शर्मा ने बताया कि डेकेथलॉन की ओर से आयोजित दौड़ को डीएसपी राजेश डाका ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। दौड़ में 14 साल के किशोर से लेकर 72 साल के बुजुर्ग ने भी हिस्सा लिया। यह दौड़ 5 किमी व 10 किमी की दो भागों में आयोजित की गई। पैदल 5 किलोमीटर के प्रतिभागी उम्मेद सिंह स्टेडियम से क्षारबाग, सरोवर टॉकीज, किशोर सागर की पाल से होते हुए उम्मेद सिंह स्टेडियम तक पहुंचे।

### माउंट आबू का तापमान जमाव बिंदु पर, राजधानी में न्यूनतम 10.3 डिग्री सेल्सियस

# जयपुर में मौसम साफ, पिलानी सबसे ठंडा @ 3° सेल्सियस

**बेधड़क** | जयपुर

उत्तर भारत में कड़ाके की ठंड के बीच जयपुर में रविवार को ठंड से कुछ राहत मिली। दिनभर तेज धूप खिली रही और मौसम साफ रहा। वहीं शेखावाटी में शीतलहर व कोहरे का प्रभाव दिखाई दिया।

प्रदेश के कई हिस्सों में कोहरे के कारण दृश्यता में कमी के चलते वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि तीन डिग्री सेल्सियस के न्यूनतम तापमान के साथ पिलानी राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। बीकानेर, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू और झुंझुनूं में



कोहरे के कारण दृश्यता में कमी दर्ज की गई और इन हिस्सों में शीतलहर का प्रकोप भी रहा। विभाग के अनुसार रविवार सुबह चुरू में न्यूनतम तापमान 4.2 डिग्री, अलवर में 4.4 डिग्री, श्रीगंगानगर में 5.3 डिग्री, संगरिया में 5.6 डिग्री, फतेहपुर में छह डिग्री, सिरोही में 6.1 डिग्री, करौली में 6.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। वहीं माउंट आबू में रविवार सुबह न्यूनतम तापमान जमाव बिंदु पर दर्ज किया गया। कई स्थानों पर सुबह न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया। जयपुर में न्यूनतम तापमान 10.3 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि सोमवार को श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर और झुंझुनूं में कोहरा छाने के साथ दिन के शीतलहर चलने की संभावना है।

#### कोहरे और गलन से बढ़ी ठिठुरन

चूरू, श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, चूरू, सीकर व अलवर में जिले में लगभग 15 दिनों से सर्दी का सितम लगातार जारी है, जिससे रात और सुबह घने कोहरा ने जनजीवन को प्रभावित किया हुआ है। शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में तकरीबन एक हफ्ते से अधिक समय तक कड़ाके की सर्दी का कहर जारी है। कोहरे और गलन भरी सर्दी के चलते इन क्षेत्रों में ठिठुरन बरकरार है। गौरतलब है कि शनिवार रात कोहरा घना होने की स्थिति रविवार सुबह तक बनी रही। वाहन चालकों को इसके कारण सड़कों पर हेडलाइट के साथ-साथ चलने में भी मुश्किल हो रही है। शहर और गांव के अलावा, सुबह कोहरे का बहुत असर देखने को मिल रहा है। लोगों को सूर्य के दर्शन के बाद ही लोगों को राहत मिलती है।

#### ट्रेनों का बिगड़ा शेड्यूल

तीन दिन बाद दौसा में एक बार फिर घना कोहरा देखा गया। कोहरे के चलते रेल और सड़क यातायात प्रभावित रहा। दौसा रेलवे स्टेशन पर पहुंचने वाली अधिकतर ट्रेनें अपने निर्धारित समय से देरी से पहुंची। वहीं सड़क यातायात भी बुरी तरह प्रभावित रहा। एक्सप्रेस वे और हाईवेज पर चल रहे वाहनों की स्पीड काफी कम नजर आई। इधर ट्रेनों की बात करें तो रानीखेत एक्सप्रेस और अजमेर इंटरसिटी सुपरफास्ट एक्सप्रेस 2 घंटे की देरी से चल रही है। वहीं अहमदाबाद एक्सप्रेस 12 घंटे, शालीमार एक्सप्रेस 1 घंटे, गोमती नगर- जयपुर एक्सप्रेस सवा तीन घंटे की देरी से चल रही है।

#### प्रमुख जगहों का न्यूनतम तापमान

प्रदेश में रविवार को अजमेर 9.3, भीलवाड़ा 8.8, जयपुर 10.3, सीकर 7.0, कोटा 11.0, बाड़मेर 10.2, जैसलमेर 6.5, जोधपुर 7.2, बीकानेर 7.2, हनुमानगढ़ 5.6, जैसलमेर 6.5 डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान रिकॉर्ड किया गया।

### भाजपा ने की प्रदेश के धार्मिक स्थलों को साफ करने की शुरुआत

# PM मोदी के आह्वान पर शुरू हुआ 'स्वच्छ मंदिर' अभियान

- मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सफाई कर दिया स्वच्छता का संदेश
- पीएम मोदी का अभियान बना जन आंदोलन: सीपी जोशी

**बेधड़क** | जयपुर

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मकर संक्रांति पर जनता से तीर्थ स्थलों और मंदिरों की साफ-सफाई का आह्वान किया। पीएम की अपील पर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को जयपुर के मानसरोवर के हंस विहार मंदिर में 'स्वच्छ मंदिर' अभियान की शुरुआत की।

शर्मा ने प्रदेशवासियों को स्वच्छता का संदेश देते हुए श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों से भी मंदिरों में सफाई का विशेष ध्यान रखने की अपील की। इससे पहले शर्मा ने मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना करते हुए प्रदेश की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर जयपुर नगर निगम ग्रेटर महापौर सौम्या गुर्जर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

वहीं भाजपा ने स्वच्छ तीर्थ अभियान के तहत आज बड़ी चौपड़ स्थित श्रीराम मंदिर में सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कहा कि 2014 में प्रधानमंत्री मोदी ने देश में स्वच्छता अभियान की शुरुआत की, जो एक जन आंदोलन बन गया। 14 से 22 जनवरी तक देश के सभी तीर्थ स्थालों पर सफाई होगी। उन्होंने कहा कि आज जयपुर के सबसे प्राचीन मंदिर से इस अभियान की शुरुआत की है। उन्होंने आमजन से स्वच्छ तीर्थ अभियान से जुड़कर अपने आसपास के मंदिरों में सफाई करने की अपील की।





#### जगमग होंगे मंदिर

कैबिनेट मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि देवस्थान विभाग के मंदिरों में विशेष सजावट की जाएगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को इस संबंध में निर्देश दिए गए हैं। देवस्थान मंत्री ने बताया कि प्रदेश में मंदिर की श्रेष्ठ सजावट करने वाली 100 मंदिर समितियों को पुरस्कृत भी किया जाएगा। इसके लिए देवस्थान विभाग की वेबसाइट पर 21 जनवरी को संबंधित मंदिर के फोटो अपलोड करने होंगे।

#### देवस्थान विभाग ने शुरू की तैयारियां

अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर देवस्थान विभाग ने व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसकी शुरुआत रविवार को जयपुर स्थित श्रीरामचन्द्र जी के मंदिर से पशुपालन एवं देवस्थान विभाग मंत्री जोराराम कुमावत, सांसद सी.पी.जोशी एवं विधायक बालमुकन्दाचार्य ने की। पशुपालन एवं देवस्थान विभाग के मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा कि सम्पूर्ण देश में 14 से 22 जनवरी तक देशव्यापी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "अयोध्या में विराजेंगे श्री राम, स्वच्छ होंगे सभी मंदिर और धाम' के तहत इस स्वच्छता अभियान की शुरुआत की गई है। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर सभी मंदिरों को सजावट और साफ-सफाई के लिए दस-दस हजार रुपए की राशि दी जा रही है। विधायक बालमुकुंद आचार्य ने कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि आगामी 22 जनवरी को अभिजीत मुहूर्त में, सर्वार्थ सिद्धि योग में, रवि पुष्य नक्षत्र में अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि पर श्रीरामलला का प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न होने जा रहा है।

### हादसे में 5 गंभीर घायल

# कार डिवाइडर को पार कर बोलेरो से टकराई, 6 की मौत



**बेधड़क** | सीकर

जिले में जयपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे-52 पर रविवार को शाम 4.30 बजे भीषण सड़क हादसे में 6 लोगों की जान चली गई वहीं 5 जने गंभीर घायल हो गए। हादसा इतना भीषण था कि दोनों कारें पूरी तरह चकनाचूर हो गई। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और स्थानीय लोगों की मदद से शवों को बामुश्किल बाहर निकाला।

पुलिस ने बताया कि बोलोरो गाड़ी और अर्टिगा कार की आमने-सामने भिड़ंत हुई। बोले लक्ष्मणगढ़ से सीकर की तरफ आ रही थी। वहीं अर्टिगा कार सीकर से लक्ष्मणगढ़ की तरफ जा रही थी। बताया जा रहा है कि अर्टिगा कार डिवाइडर पार करते हुए सड़क के दूसरी तरफ आकर बोलेरो से टकरा गई। भिड़ंत हो गई और ये हादसा हुआ। पुलिस को हादसे में क्षतिग्रस्त हुई बोलेरो गाड़ी के अंदर से एक आईडी मिली है। इसमें खाचरियावास इलाके का एड्रेस होना बताया है। वहीं गाड़ी के नंबर भी सीकर के ही रजिस्टर्ड है। फिलहाल, हादसे के कारणों का पता नहीं चल पाया है कि गाड़ी डिवाइडर पर कर दूसरी तरफ कैसे आई। इधर, पुलिस मृतकों की जानकारी जुटा रही है।

शवों को लक्ष्मणगढ़ के सरकारी हॉस्पिटल की मोर्चरी में रखवाए गए हैं। लक्ष्मणगढ़ डीएसपी धर्माराम ने बताया कि अर्टिगा कार से एक व्यक्ति का आईकार्ड मिला है, जो मौलासर (नागौर) गांव का है। बाकी 5 घायलों की हालत को देखते हुए उन्हें लक्ष्मणगढ़ से सीकर रेफर किया गया है।

### बांदीकुई-अलवर रेलवे ट्रैक पर हुआ हादसा

# ट्रेन की चपेट में आकर कटे 11 गोवंश

**बेधड़क** | अलवर

जिले में ट्रेन की चपेट में आने से 11 गोवंश की मौत हो गई, वहीं एक गोवंश गंभीर घायल हो गया। गंभीर घायल गोवंश को भोरंगी गोशाला पहुंचाया। एकसाथ 11 गोवंश की मौत के बाद काफी देर तक रेलवे ट्रैक बाधित रहा।

हादसे की सूचना पर भोरंगी गोशाला की टीम, आरपीएफ अलवर के एएसआई अमर सिंह कसाना एवं कांस्टेबल सुंदर सिंह गुर्जर, सरपंच कमलेश मीणा, पटवारी सुवा बाई मीणा सहित राजगढ़ पुलिस मौके पर पहुंची। स्टेशन मास्टर मोहनलाल मीना ने बताया कि बांदीकुई-अलवर रेल मार्ग स्थित ढिगावडा रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह करीब 5 बजे 12984/गरीब रथ ट्रेन की चपेट में 12 गोवंश आ गए। जिन्हें किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा ट्रैक पर छोड़ दिया था। इनमे 11 गोवंश की ट्रेन से कटकर मौके पर ही मौत हो गई। वहीं एक गोवंश गंभीर घायल हो गया।



मृत गोवंश में 9 गाय और नंदी के साथ दो बछड़े शामिल हैं। भौरंगी गोशाला के गोरक्षक अजय पंडित ने बताया कि उन्हें सुबह 7 बजे ढिगावड़ा रेलवे स्टेशन मास्टर ने सूचना दी।

### युवाओं को क्वालिटी स्किल ट्रेनिंग देने पर विशेष जोर

# 'स्किल इंडिया' को धरातल पर लाएं: राठौड़

**बेधड़क** | जयपुर

कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता मंत्रीराज्यवर्धन राठौड़ ने कहा कि यूथ को देश की स्किल मांग के साथ ग्लोबल डिमांड के अनुसार ट्रेंड करें।

राठौड़ रविवार को यहां उद्योग भवन स्थित सभागार में आयोजित बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ कौशल विकास, रोजगार एवं आईटीआई से संबंधित योजनाओं की समीक्षा कर रहे थे। मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने विभागीय योजनाओं पर चर्चा करते हुए प्रगति की समीक्षा की और युवाओं को मार्केट की डिमांड को ध्यान में रखते हुए क्वालिटी स्किल ट्रेनिंग देने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का युवाओं को क्वालिटी स्किल ट्रेनिंग देने पर विशेष जोर है। इसके लिए हमें स्किल इंडिया को पूरी गुणवत्ता के साथ धरातल पर क्रियान्वित करना होगा। उन्होंने कहा कि दुनिया में स्किल ट्रेंड यूथ की भारी मांग है और भारत में सबसे ज्यादा युवा जनसंख्या है। हमें डेमोग्राफिक डिविडेंड का फायदा उठाने के लिए यूथ को देश की मांग के साथ ग्लोबल डिमांड के अनुसार ट्रेंड करना होगा, ताकि रोजगार की संभावनाएं व्यापक बन सके। उन्होंने राज्य के युवाओं को बेहतर स्किल ट्रेनिंग देकर उन्हें हर स्तर पर अपना हुनर दिखाने का अवसर प्रदान करने के निर्देश दिए। शासन सचिव पीसी किशन ने दीन दयाल ग्रामीण कौशल्य योजना, मुख्यमंत्री कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा कौशल विकास योजना, मुख्यमंत्री युवा संबल योजना एवं संकल्प योजना के क्रियान्वयन एवं प्रगति से अवगत कराया।



### सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस आयोजित

# हमारे सजग सैनिक राष्ट्र के प्रति त्याग और समर्पण के प्रतीक: राज्यपाल

**बेधड़क** | जयपुर

राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा है कि सैनिक हमारे देश की सीमाओं के सजग प्रहरी ही नहीं हैं, वे त्याग और समर्पण के प्रतीक भी हैं। उन्होंने राष्ट्र के लिए सर्वस्व अर्पित करने वाले पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों के लिए सभी को हर संभव सहयोग करने और उनकी सेवाओं का सम्मान करने का आह्वान किया है।

यह बात मिश्र ने रविवार को आठवें सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस पर सेना के सप्तशक्ती प्रेक्षागृह में आयोजित समारोह में संबोधित करते हुए कही। उन्होंने भारतीय सशस्त्र बलों के पहले भारतीय कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल के एम करियप्पा की सेवाओं को भी इस अवसर पर विशेष रूप से स्मरण किया। उन्होंने कहा कि करियप्पा ने राष्ट्र की सेवा में जो निस्वार्थ सेवाएं दी हैं, वह सदा स्मरणीय रहेगी। उनकी सेवानिवृति दिवस को इसलिए सशस्त्र सेना भूतपूर्व सैनिक दिवस के रूप में मनाने की पहल की गयी है। राज्यपाल मिश्र ने सैनिक कल्याण मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ को भी पूर्व सैनिक के नाते उनकी राष्ट्र को दी सेवाओं के लिए समारोह में सम्मानित किया। राज्यपाल ने सप्त शक्ति सेना क्षेत्र में पूर्व सैनिकों की स्मृति में पुष्प चक्र अर्पित उन्हें श्रद्धांजलि दी। उन्होंने आगंतुक पुस्तिका में सैनिकों की शहादत को नमन करते हुए राष्ट्र के प्रति उनके सेवा-समर्पण भाव के प्रति अपनी शब्द कृतज्ञता प्रकट की।




#### सैनिक कल्याण के लिए कार्य का आह्वान

राज्यपाल मिश्र ने कहा कि सैनिक केवल अपने परिवार के बारे में नहीं सोचता बल्कि देश और समाज को सुरक्षित रखने की सदा चिंता करता है। उन्होंने कवि माखनलाल चतुर्वेदी की पुष्प की अभिलाषा कविता की पंक्तियों को सुनाते हुए कहा कि जिस तरह पुष्प की अभिलाषा वीर सैनिकों के पथ पर अपने को फेंके जाने की है, वैसे ही सैनिकों की कामना भी यही रहती है कि वे राष्ट्र के लिए अपने आपको अर्पित करें। उन्होंने सैनिक कल्याण के लिए क्रियान्वित योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, पूर्व सैनिक पेंशन और अन्य सुविधाओं को समयबद्ध और सुगम ढंग से उन तक पहुंचाए जाने और उनके कल्याण के लिए सुनियोजित तंत्र के तहत कार्य करने का भी आह्वान किया।

#### सैनिक साहस और वीरता के पर्याय: चौधरी

सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने सेना से जुड़े अपने संस्मरण साझा करते हुए कहा कि सैनिकों को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ सभी स्तरों पर उनके लिए प्रभावी प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने सैनिक कल्याण विभाग के जरिए व्यावहारिक स्तर पर कार्य करते हुए सैन्य सेवाओं की समृद्धि के लिए कार्य करने का विश्वास दिलाया। राज्य मंत्री विजय सिंह चौधरी ने सेना और सैनिकों के पराक्रम को स्मरण करते हुए कहा कि सैनिक साहस और वीरता के पर्याय होते हैं, उनसे सीख लेते हुए राष्ट्र के लिए सभी को कृतसंकल्प होकर कार्य करना चाहिए। सैनिक कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव आनंद कुमार ने स्वागत उद्बोधन दिया। दक्षिण पश्चिमी कमांड के ले. जनरल धीरज सेठ ने पूर्व सैनिकों के लिए किए जा रहे कार्यों के बारे में अवगत कराया। इस अवसर पर राज्यपाल और सैनिक कल्याण मंत्री तथा राज्य मंत्री द्वारा वीरांगनाओं, वीर माता-पिता एवं वीरता तथा विशिष्ट पदक धारकों को सम्मानित किया गया। इससे पहले राज्यपाल ने सभी को संविधान की उद्देशिका का वाचन कराया तथा मूल कर्तव्यों को पढ़कर सुनाया।




### रामाभिषेकम् उत्सव और विशाल आरती के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह

# 'राम के काम' की चहुं ओर सराहना

**बेधड़क.जयपुर।** अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा से 7 दिन पूर्व 15 जनवरी को 'सच बेधड़क' मीडिया ग्रुप की ओर से अल्बर्ट हॉल पर आयोजित किए जा रहे भव्य कार्यक्रम रामाभिषेकम् उत्सव और विशाल आरती के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। अल्बर्ट हॉल पर दरबार सज चुका है, जहां पर अयोध्या से लाए गए अष्ट धातु के सिद्ध रामलला और बाल हनुमान के विग्रह का अभिषेक किया जाएगा। इस दौरान रविवार को सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर-इन-चीफ विनायक शर्मा भाजपा प्रवासी प्रकोष्ठ राजस्थान के कार्यक्रम संयोजक राजू मंगोड़ी वाला के सौखियों के रास्ते में स्थित आवास 'रामेश्वरम्' पर आयोजित पतंगोत्सव में पहुंचे। यहां पर उन्होंने शहर और प्रदेश की जानी-मानी हस्तियों को रामाभिषेकम उत्सव और विशाल आरती में आने के लिए आमंत्रित किया। सबने विनायक शर्मा के इस प्रयास की सराहना की और इसे राम का काम बताते हुए कार्यक्रम में शामिल होने का भरोसा दिलाया। कुछ तस्वीरें जो इस यादगार पल की गवाह बनीं...














फोटो: पंकज शर्मा







# प्राचीन भारतीय जानते थे सूर्य का विज्ञान




प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ साहित्यकार व पत्रकार


आमतौर से सूर्य को प्रकाश और गर्मी का अक्षुण्ण स्रोत माना जाता है, लेकिन अब वैज्ञानिक यह जान गए हैं कि यदि सूर्य का अस्तित्व समाप्त हो जाए तो पृथ्वी पर विचरण करने वाले सभी जीव-जंतु तीन दिन के भीतर मृत्यु को प्राप्त हो जाएंगे। सूर्य के हमेशा के लिए अंधकार में डूबने के भीतर वायुमंडल में मौजूद समूची जलवाष्प ठंडी होकर बर्फ के रूप में गिर जाएगी और असहनीय शीतलता से कोई भी प्राणी जीवित नहीं रह पाएगा। करीब 50 करोड़ साल पहले से प्रकाशमान सूर्य की प्राणदायिनी ऊर्जा की रहस्य-शक्ति को हमारे ऋषि-मुनियों ने पांच हजार साल पहले ही जान लिया था और वे ऋग्वेद में लिख गए थे, 'आप्रा द्यावा पृथिवी अंतरिक्षः सूर्य आत्मा जगतस्थश्च।' अर्थात विश्व की चर तथा अचर वस्तुओं की आत्मा सूर्य ही है। ऋग्वेद के मंत्र में सूर्य का आध्यात्मिक और वैज्ञानिक महत्व उल्लेखित है। प्रकृति के रहस्यों के प्रति जिज्ञासु ऋषियों ने हजारों साल पहले जिस सत्य का अनुभव किया था, उसकी विज्ञान सम्मत पुष्टि अब 21वीं सदी में वैज्ञानिक प्रयोगों से संभव हो रही है।

सौर मंडल के सौर ग्रह, उपग्रह और उसमें स्थित जीवधारी सूर्य से ही जीवन प्राप्त कर रहे हैं। पृथ्वी पर जीवन का आधार सूर्य ही है। सभी जीव-जंतु और वनस्पति जगत का जीवन चक्र सूर्य पर ही पूर्ण रूप से आश्रित है। सूर्य के इन्हीं गुणों के कारण वैदिक काल में अनेक काव्यात्मक सूक्तों की रचना की गई और ऐतिहासिक काल में सूर्य मंदिरों का निर्माण कराया गया। आदिमानव को सूर्य इसलिए चमत्कृत व प्रभावित करता था, क्योंकि वह अंधकार से मुक्ति दिलाता था और ठंड से बचाता था। सूर्य के प्रदेय में कोई भेद नहीं है। काल गणना का दिशा बोध भी मनुष्य को सूर्य ने ही दिया। इसलिए दुनिया की सभी जातियों और सभ्यताओं ने सूर्य को देवता के रूप में पूजा और अपनी-अपनी कल्पनाओं व लोकानुरूप मिथक गढ़े, जो किंवदंतियों के रूप में हमारे पास आज भी सुरक्षित हैं।

**मकर संक्रांति पर्व पर विशेष**

> *वैदिक ग्रंथों के अनुसार देव और दानवों ने समुद्र-मंथन के दौरान अमृत कलश प्राप्त किया था। इसे लेकर विवाद हुआ। तब विष्णु ने सुंदरी रूप रखकर देवताओं को अमृत और दानवों को मदिरा पान कराया। राहू ने यह बात पकड़ ली। वह अमृत कलश लेकर भागा। विष्णु ने सुदर्शन चक्र छोड़कर राहू का सिर धड़ से अलग कर दिया। इससे सिर 'राहू' और धड़ 'केतु' कहलाया।*

भारतीय परिप्रेक्ष्य में वैदिक काल में सूर्योपासना ज्ञान और प्रकाश के एकीकरण के लिए की जाती थी। तैत्रिय-संहिता में उल्लेख है कि सूर्य के प्रकाश से ही चंद्रमा चमकता है। 'छांदोग्य उपनिषद्' में सूर्य को ब्रह्म बताया गया है। गायत्री मंत्र में सूर्य को तेज और बुद्धि का पर्याय माना गया है। रामायण में राम, रावण से युद्ध का श्रीगणेश करने से पहले सूर्य की स्तुति करते हैं। महाभारत में तो कर्ण को सूर्य-पुत्र ही बताया गया है। कनिष्क तथा हुविष्क के सिक्कों पर सूर्य का अंकन है। कुषाणों ने अनेक नयनाभिराम सूर्य प्रतिमाओं का निर्माण कराया। हर्ष के राजकवि मयूर ने सूर्य की वंदना में सौ श्लोकों की रचना की। सूर्य की किरणों से चिकित्सा पर कई पुस्तकें लिखी गई हैं। यजुर्वेद में स्पष्ट कहा गया है कि अंतरिक्ष में व्याप्त सभी विकीरणों में सूर्य की किरणें ही जीव जगत के लिए लाभदायी हैं। 1582 में मुगल सम्राट अकबर ने एक नए धर्म 'दीन ऐ इलाही' की शुरुआत की थी, जिसमें सूर्य पूजा का ही सर्वाधिक महत्व दर्शाया गया था। वैदिक रूप में सूर्य को काल गणना का कारण मान लिया गया था। ऋतुओं में परिवर्तन का करण भी सूर्य को माना गया। वैदिक समय में ऋतु चक्र के आधार पर सौर वर्ष या प्रकाश वर्ष की गणना शुरू हो गई थी, जिसमें एक वर्ष में 360 दिन रखे गए। वर्ष को वैदिक ग्रंथों में संवत्सर नाम से जाना जाता है। नक्षत्र, वार और ग्रहों के छह महीने तक सूर्योदय उत्तर-पूर्व क्षितिज से अगले छह माह दक्षिण पूर्व क्षितिज से होता है। इसलिए सूर्य का काल विभाजन उत्तरायण और दक्षिणायन के रूप में है। उत्तरायण के शुरू होने के दिन से ही रातें छोटी और दिन बड़े होने लगते हैं। यही दिन मकर तथा कर्क राशि से सूर्य को जोड़ता है। इसलिए उस दिन भारत में मकर-संक्रांति का पर्व मनाने की परंपरा है। वेदकाल में यह साफ तौर से पता लगा लिया था कि प्रकाश, ऊर्जा, वायु और वर्ष के लिए समस्त भूमंडल सूर्य पर ही निर्भर है। वेदकालीन सूर्य में सात प्रकार की किरणें और सूर्य रथ में सात घोड़ों के जुते होने का उल्लेख है। सूर्य रथ का होना और उसमें घोड़ों का जुता होना अतिरंजनापूर्ण लगता है।

हालांकि सूर्य रथ की कल्पना काल की गति के रूप में की गई। सात प्रकार की किरणों को खोजने में आधुनिक वैज्ञानिक भी लगे हैं। नए शोधों से ज्ञात हुआ है कि सूर्य किरणों के अदृश्य हिस्से में अवरक्त और पराबैगनी किरणें होती हैं। भूमंडल को गर्म रखने और जैव रासायनिक क्रियाओं को छिप्र रखने का कार्य अवरक्त किरणें और जीवधारियों के शरीर में रोग प्रतिरोधात्मक क्षमता बढ़ाने का काम पराबैगनी किरणें करती हैं। वेदकालीन सूर्यलोक में दो देवियों की भी कल्पना की गई है। ये हैं, ऊषा और सूर्या। ऋग्वेद में ऊषा की वंदना सूर्यों के साथ बीस सूक्तों में की गई है। सूर्योदय के समय अंधेरे और उजाले के बीच जो संधिवेला है, वही ऊषा की प्रतीक है। सौर देवी सूत्रों की ऋग्वेद में पूरे सूक्त में स्तुति की है। भूमंडल को प्रकाशित करने का कारण ऊषा ही मानी जाती है। दुनिया के सबसे बड़े मेले सिंहस्थ और कुंभ भी सूर्य के एक निश्चित स्थिति में आने पर लगते हैं। सिंहस्थ का पर्व तब मानाया जाता है, जब सिंह राशि में सूर्य आता है। इसमें स्नान एक निश्चित मुहूर्त में किया जाता है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**संदर्भ: लोकसभा चुनाव-2024**

# प्राण प्रतिष्ठा-न्याय यात्रा से बिछी बिसात




गजानन्द शर्मा
वरिष्ठ पत्रकार


> *विपक्षी गठबंधन जहां सीटों के बंटवारे के लिए उलझे हुए पेच सुलझाने का प्रयास कर रहा होगा, तब भाजपा जमीनी स्तर पर युवाओं से जुड़ने की कोशिश कर रही होगी। जवाब में कांग्रेस अपनी न्याय यात्रा के साथ ही संवाद यात्रा को भी धरातल पर लाएगी, ऐसा प्रतीत होता है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को मल्लिकार्जुन खरगे के रूप में नया चेहरा मिल चुका है।*

देश में अगामी लोकसभा चुनाव के बाद सत्ता में आने के दावेदार दो गठबंधन अपनी-अपनी चुनाव यात्रा पर निकल चुके हैं। राजग जो कि वस्तुतः भाजपा का ही विस्तारित रूप है, राम नाम के रथ पर सवार है तो कांग्रेस भी अपनी भारत जोड़ो यात्रा-2 को भारत जोड़ो न्याय यात्रा का नाम देकर मणिपुर के थौबल से चल पड़ी है, जो मुंबई पहुंचकर समाप्त होगी। दोनों ही संगठनों की अपनी-अपनी प्रतिबद्धता और अपनी-अपनी दृष्टि है। भाजपा राम मंदिर आंदोलन से निकलकर बड़ी बनी है, इसलिए यह सोचना कि वह मंदिर निर्माण और उसकी प्राण प्रतिष्ठा से दूर रहकर काम करेगी, संभव ही नहीं है। वह पिछले तीन दशक में राम नाम पर राजनीतिक आलोचना सुनकर ही बड़ी हुई है और दूसरी पार्टियों को इस मुद्दे पर कठघरे में खड़ा करती रही है। आज वह अपने मकसद में सफल भी नजर आ रही है, क्योंकि अयोध्या में राम मंदिर का प्राण प्रतिष्ठा समारोह अब सप्ताहभर दूर है। हालांकि इस पर सियासी घमासान मचा हुआ है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण ठुकरा चुके कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे इस सियासी रार को भाजपा की साजिश करार दे चुके हैं। उनका कहना है कि जिसकी आस्था है वह अयोध्या चला जाएगा। कांग्रेस में ही एक स्वर यह भी मुखर हो रहा है कि कांग्रेस के शीर्ष नेताओं को प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण नहीं ठुकराना चाहिए था। कांग्रेस के ही वरिष्ठ नेता डॉ. कर्ण सिंह ने अपनी पार्टी को यह नसीहत दी है कि मंदिर का निर्माण देश की सर्वोच्च अदालत के आदेश पर हो रहा है, इसलिए कांग्रेस नेताओं को वहां जाने में झिझकना नहीं चाहिए।

वहीं, कांग्रेस के कई नेता अयोध्या जाने की बात कह भी रहे हैं। उनका कहना है, एक बार प्राण प्रतिष्ठा हो जाए, फिर वे अयोध्या जाएंगे। सही भी है, प्राण प्रतिष्ठा का धार्मिक विधान पूरा होने के बाद जिसको दर्शन करने के लिए जाना है, वह जाए। भगवान के घर जाने के लिए किसी निमंत्रण की जरूरत नहीं है। रामलला के दर्शनों का राजनीतीकरण नहीं होना चाहिए। हालांकि लगता है, न सत्ता में बैठे लोग ऐसा चाहते हैं और ना विपक्ष में मौजूद राजनेता ऐसा चाहते है। सभी को अपने-अपने हिसाब से वोटों की फसल काटनी है। इस आयोजन पर सवाल खड़े करने वाले लोगों को एक बार उन लोगों के बारे में भी सोचना चाहिए जिनकी कई पीढ़ियों ने इस दिन की प्रतीक्षा में सिर पर पगड़ी तक नहीं पहनी। करोड़ों लोगों को इस दिन का इंतजार है। इसका विरोध कर रही ताकतों को एक बार निष्पक्ष भाव से जनमानस की भाव चेतना में डुबकी भी लगा लेनी चाहिए।

कितना अच्छा होता कि इस घड़ी के स्वागत में सभी पार्टियां अपनी राजनीतिक प्रतिबद्धताओं से ऊपर उठकर जन मानस के साथ खड़ी रहतीं। भूल जाइए कि जनता वोट को किस तराजू में तौलती है। इसका पैमाना वही जानती है। हाल ही में राजस्थान में करणपुर विधानसभा क्षेत्र का उपचुनाव इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। लोकसभा चुनाव से पहले राहुल गांधी की न्याय यात्रा पूर्वोत्तर में 11 दिन के पड़ाव के बाद ज्यों-ज्यों देश के मैदानी भागों से होकर आगे बढ़ेगी, उसका रामपथ की ओर बढ़ती राजनीति से भी सामना होगा। भाजपा प्राण प्रतिष्ठा के बाद के माहौल को सियासी पूंजी बनाने के अवसर से शायद ही चूके। पार्टी के कार्यक्रम तो इसी ओर इशारा करते हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 जनवरी को बिहार के चंपारण जिले के बेतिया में रैली को संबोधित करने वाले हैं। यह वस्तुतः बिहार में भाजपा का चुनावी शंखनाद ही होगा। इसके साथ ही भाजपा नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने के लिए नमो नवमतदाता अभियान शुरू कर चुकी है। 25 जनवरी यानी मतदाता दिवस तक उसकी एक करोड़ नए मतदाताओं को पार्टी से जोड़ने की योजना है। वहीं, पीएम मोदी 25 जनवरी को देश में 2,500 स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में नए मतदाताओं से सीधे संवाद करने वाले हैं। मतदाता तक पहुंच का भाजपा का एजेंडा साफ है। विपक्षी गठबंधन जहां सीटों के बंटवारे के लिए उलझे हुए पेच सुलझाने का प्रयास कर रहा होगा, तब भाजपा जमीनी स्तर पर युवाओं से जुड़ने की कोशिश कर रही होगी।

जवाब में कांग्रेस अपनी न्याय यात्रा के साथ ही संवाद यात्रा को भी धरातल पर लाएगी, ऐसा प्रतीत होता है। विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को मल्लिकार्जुन खरगे के रूप में नया चेहरा मिल चुका है। इसमें दलित वोटों के समीकरण सहित कई सियासी गणित देखे जा रहे हैं, लेकिन इंडिया के घटक दल शनिवार को अपनी वर्चुअल बैठक में संयोजक पद से बिहार के सीएम नीतीश कुमार को राजी नहीं कर सके। वह पीछे हट गए और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, शिव सेना यूबीटी नेता उद्धव ठाकरे व सपा प्रमुख अखिलेश यादव का वर्चुअल बैठक में शामिल नहीं होना घटक दलों के बीच असहजता की ओर भी इशारा करता है। हालांकि अखिलेश यादव ने एक्स पोस्ट में स्पष्ट कर दिया है कि 'पूरी एकजुटता से जिताएंगे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को।' इधर, खरगे के गठबंधन का अध्यक्ष बनने के बाद कांग्रेस का दायित्व अब और बढ़ गया है। सभी को साथ लेकर चलने का जिम्मा अब उस पर है, लेकिन चिंता की बात यह है कि उसके अपने घर में दरारें आ रही हैं। पार्टी के युवा नेता व मुंबई में पार्टी का बड़ा चेहरा मिलिंद देवड़ा पार्टी का साथ छोड़ गए। वह मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना में शामिल हो गए हैं। यानी राजग के पाले में। यह कांग्रेस के लिए सचमुच झटका है। ज्योतिरादित्य सिंधिया, जतिन प्रसाद जैसे कई युवा नेता पहले ही पार्टी का साथ छोड़ चुके हैं। पूर्वोत्तर भारत, जहां के कई राज्यों से होकर राहुल गांधी की न्याय यात्रा गुजरेगी, वहां सत्ता में बैठे कई नेता कांग्रेस को छोड़कर ही भाजपा के पाले में आए हैं और उसे मजबूत कर रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस नेताओं को डॉ.कर्ण सिंह की इस सीख पर गौर करना चाहिए कि उन्हें अयोध्या जाने से झिझकना नहीं चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**





**कविता**




कवि
दिनेश विजयवर्गीय


## मकर संक्रांति

*मकर संक्रांति के दिन*
*मेरे शहर का आसमान भर जाता है*
*सुबह से शाम तक*
*रंग बिरंगी रूप रूपाली पतंगों से*

*सर्दी की सुहानी धूप में*
*छतों पर बनी रहती है चहल पहल*
*पतंग उड़ाने वाले युवाओं की और उड़ती पतंग*
*देखकर आनंदित होने वाले बच्चों की*

*वे अपने प्रतिद्वंद्वी की पतंग काटने के लिए*
*आपस में डाल देते हैं पेंच*
*एक दूसरे को पटकनी देने की चाह में*
*कांचमंडी ढीलों ढील होती डोरें*

*हो जाती है लहू लुहान*
*फैल जाता है उत्साही शोर का सैलाब*
*जब कट जाती है पतंग, पर वह करती नहीं*
*शिकायत अपने कट जाने की*

*खेल की सच्ची भावना से परिचित है वह*
*जानती है हार जीत तो खेल का हिस्सा है*
*वह तो खुश है कि अपने मालिक के हाथों*
*अंतिम सफर तक झूलती रही*

*और हवा के झोंकों के साथ*
*ऊपर नीचे गोते खाकर*
*छत पर खड़े लोगों की आंखों से*
*पल-पल़ दूर होती रही*
*फिर कभी न मिलने के लिए।*

X



**जगदीश वासुदेव,** योग गुरु
@SadhguruJV
यह आपके घर, आपके दिमाग और आपकी भावनाओं से अनावश्यक सभी चीज़ों को साफ़ करने और एक नई शुरुआत करने का एक आदर्श दिन है।



**जया किशोरी,** आध्यात्मिक मार्गदर्शक
@iamjayakishori
क्षणिक खुशी के लिए काम न करें, लंबे समय तक शांति के लिए काम करें।



**गौर गोपाल दास,** आध्यात्मिक गुरु
@gaurgopald
जो व्यक्ति ईर्ष्या या असुरक्षा के कारण किसी योग्य व्यक्ति को बदनाम/बदनाम करने की कोशिश कर रहा है, वह ऐसी दुष्ट आलोचना के माध्यम से वही योग्यता या गुण प्राप्त नहीं कर पाएगा।



**अरुण गोविल,** अभिनेता
@arungovil12
भगवान श्री राम ने स्वयं अयोध्या की महिमा का बखान करते हुए कहा है- अवधपुरी सम प्रिय नहिं सोउ, यह रहस्य जानइ नहीं कोऊ। अयोध्या के समान तो मुझे बैकुंठ भी प्रिय नहीं है और यह रहस्य कोई नहीं जानता।

**नॉलेज कॉर्नर: चार महीनों तक सूर्य की रोशनी के बिना चलती है जिंदगी**

# एबिस्को में सबसे लंबा होता है जाड़ों का मौसम

कल्पना करें की आप ऐसी जगह हों जहां तापमान जीरो डिग्री से भी नीचे हो, महीनों तक जहां सुबह ही ना हो और आपको रोशनी की शक्ल देखे महीनों हो जाएं। भारत में रह कर ऐसा सोचना भी कंपकपी दे जाता है, लेकिन स्वीडन का एक छोटा सा गांव एबिस्को कुछ इसी तरह है। उत्तरी स्वीडन में बसा यह गांव आर्कटिक सर्किल से लगभग दो सौ किलोमीटर उत्तर में है। यहां लोग माइनस डिग्री में लंबे अरसे तक अंधेरे में रहते हैं। जहां सूरज महीनों-महीनों नहीं निकलता है। एबिस्को में सर्दियां सबसे लंबी पड़ती हैं। यहां अक्टूबर के महीने से सूरज दिखना बंद हो जाता है।आज के नॉलेज कॉर्नर में जानते हैं इस अनोखे गांव के बारे में...

## डिप्रेशन में चले जाते हैं लोग

एबिस्को में लंबी सर्दियां और बिना सूरज की रोशनी के यहां के लोगों को कई शरीरिक परेशानियों से जूझना पड़ता है। एक्सपर्ट बताते हैं कि कि बहुत से लोग सर्दियों में लंबी रातें और छोटे दिनों के साथ एडजस्ट नहीं कर पाते हैं। दिन के समय में लोगों के शरीर को पर्याप्त मात्रा में सनलाइट नहीं मिलती है। इसके कारण कई लोग डिप्रेशन के शिकार हो जाते हैं। कुछ लोगों में कार्बोहाइड्रेट की ज्यादा इच्छा होती है और इस कारण उनका वजन बढ़ जाता है। एक्सपर्ट के अनुसार इसे सीजनल ऐफेक्टिव डिसऑर्डर या विंटर ब्लूज कहा जाता है। इस बारे में मरियाना कहती हैं कि हमें एक दो घंटे के लिए घर से बाहर निकलना चाहिए। अगर वो संभव नहीं है तो हमें अपने घर की खिड़की के पास बैठना चाहिए और अगर वो भी संभव नहीं है तो हम अपने घरों में जहां बैठते हैं उसके आस-पास टेबल लैंप जलाकर ज्यादा से ज्यादा रोशनी इस्तेमाल करनी चाहिए।



## लेते हैं लाइट थैरेपी

एबिस्को में लोगों ने इसका एक इलाज ढूंढा है। वहां लोगों को लाइट थैरेपी दी जाती है। घर के अंदर ही आर्टिफिशियल सन रूम बनाया जाता है। इससे लोगों को विंटर ब्लूज का मुकाबला करने में मदद मिलती है। हालांकि अभी तक इसका कोई वैज्ञानिक आधार नहीं है जिसकी बुनियाद पर यह कहा जा सके कि आर्टिफशियल लाइट थैरेपी कितनी प्रभावी होती है और शायद इसीलिए फरवरी में जब दोबारा धूप निकलती है तो स्वीडन के एबिस्को गांव में लोग पहाड़ी पर जाकर रोशनी का स्वागत करते हैं और उसका जश्न मनाते हैं।

**आवश्यक है सूरज की रोशनी**

*विंटर ब्लूज से बचने के लिए एक दिन में हर आदमी के लिए सूर्य की रोशनी की आवश्यकता अलग-अलग होती है। आम तौर पर कम से कम 20 मिनट तक हमारे शरीर को सूरज की तेज रोशनी मिलनी चाहिए और वो भी सुबह की रोशनी होनी चाहिए।*

*कंटेंट: कुलदीप सिंह जादौन*

## बड़े कॉलेज, विश्वविद्यालयों और संस्थानों में दाखिले के लिए कसौटी है सीयूईटी यूजी-2024

# मेहनत की कसौटी पर खरे उतरें युवा, फिर भविष्य होगा सुनहरा



**बेधड़क** | जयपुर

पेरेंट्स अपने बच्चों के अच्छे कॅरिअर का सपना देखते हैं, इसके लिए वे उन्हें अच्छे से अच्छे स्कूल कॉलेज में दाखिला दिलवाने की कोशिश भी करते हैं। ताकि वे जीवन में एक अच्छे मुकाम तक पहुंच सकें। 12वीं कर चुके या पास करने जा रहे स्टूडेंट्स के लिए सीयूईटी यूजी परीक्षा बेहद महत्व रखती है। पिछले वर्ष से यूजीसी यानी यूनिवर्सिटी ग्रांट कमीशन ने केंद्रीय विवि सहित अन्य विश्वविद्यालयों में दाखिले के लिए CUET UG परीक्षा की शुरुआत की है। इस साल भी अच्छे सरकारी संस्थान में दाखिले के लिए उम्मीदवारों को ये परीक्षा देनी होगी। अच्छी खबर ये है कि नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से आयोजित होने वाली सीयूईटी यूजी परीक्षा के लिए उम्मीदवार रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। इस वर्ष परीक्षाएं मई के तीसरे सप्ताह से शुरू हो सकता है।

### फरवरी से शुरू होगी रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

सूत्रों से ज्ञात जानकारी के अनुसार कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट में बैठने के इच्छुक स्टूडेंट्स फरवरी के पहले सप्ताह से आवेदन कर सकेंगे। ये एप्लीकेशन प्रोसेस मार्च के तीसरे हफ्ते तक चलने की संभावना है। वहीं आवेदन पत्र में सुधार का मौका अभ्यर्थियों को अप्रैल के पहले सप्ताह में मिलेगा। एग्जाम सिटी स्लिप अप्रैल के सेकंड वीक में जारी होने की उम्मीद जताई जा रही है। एग्जाम में एंट्रेस के लिए दिए जाने वाले एडमिट कार्ड मई के पहले सप्ताह में जारी किए जाएंगे।

### विदेश में भी बनाए जाते हैं एग्जाम सेंटर्स

ये परीक्षा राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (NTA) की तरफ से आयोजित की जाती है। कॉमन यूनिवर्सिटी एंट्रेंस टेस्ट अंडर ग्रेजुएट के माध्यम से छात्र-छात्राओं को केंद्रीय विश्वविद्यालयों, राज्य विश्वविद्यालयों सहित तमाम निजी विश्वविद्यालयों में प्रवेश दिया जाता है। इस एग्जाम को दो खंडों में आयोजित किया जाता है। ये परीक्षा सीबीटी में होती है। इन परीक्षाओं को परीक्षार्थी 13 भाषाओं में से किसी भी एक भाषा में दे सकते हैं। इसके लिए भारत के अलावा देश के बाहर भी एग्जाम सेंटर्स बनाए जाते हैं। उम्मीदवारों को दोनों ही सेक्शन में सफलता प्राप्त करना जरूरी है। इन्हीं मार्क्स के आधार पर परीक्षार्थियों को संस्थान में प्रवेश मिलता है।

### मई में होंगी परीक्षाएं

- बड़े विवि और कॉलेजों में एडमिशन के लिए परीक्षा का आयोजन 15 मई से 31 मई 2024 तक चलने की आशा है।
- उम्र की सीमा नहीं
- CUET में भाग लेने के लिए इच्छुक उम्मीदवार का 12वीं क्लास पास होना आवश्यक है। इसमें भाग लेने वालों की कोई अधिकतम उम्र सीमा नहीं तय की गई है।

## Yuva स्टोरीज



**मिस राजस्थान के लिए 16 जनवरी से शुरू होगा रजिस्ट्रेशन**

**जयपुर।** मिस राजस्थान के 26वें एडिशन में भाग लेने के लिए रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 16 जनवरी से शुरु होने जा रही है। इसमें पार्टिसिपेट करने के लिए17 से 27 वर्ष की गर्ल्स हिस्सा ले सकती हैं। ये ब्यूटी पेजेंट भारत सरकार से रजिस्टर्ड है जो प्रदेश की युवा लड़कियों को राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौंदर्य प्रतियोगिताओं में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। इस साल होने वाला मिस राजस्थान का 26वां एडिशन होगा और फ्यूजन ग्रुप की ओर से इसका आयोजन किया जाएगा। इसके आयोजक योगेश मिश्रा व निमिषा मिश्रा ने बताया कि 2023 में वर्ल्ड के बेस्ट तीन पेजेंट में फ्यूजन ग्रुप द्वारा तैयार की गई मिस राजस्थान ने इंडिया को इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर रिप्रेजेंट किया। मिस अर्थ में प्रियन सैन, मिस इंटरकॉन्टिनेंटल में भावना वैष्णव और मिस ग्लोब में ऐश्वर्या भारत का प्रतिनिधित्व कर चुकी हैं। इसमें भाग लेने के लिए ऑफिशियल वेबसाइट missrajasthan.org रजिस्ट्रेशन करवाया जा सकता है।



**जयपुर मैराथन के लिए रनर्स ने सीखे गुर**

**जयपुर।** वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था की ओर से और एक निजी बैंक के सहयोग से अगले महीने 4 फरवरी को जयपुर मैराथन का आयोजन किया जाएगा। 15वीं जयपुर मैराथन की तैयारियों के लिए शहर के सिटी पार्क में बूट कैंप का आयोजन किया गया। कैंप में 150 रनर्स ने हिस्सा लिया। योग एवं फिटनेस ट्रेनर अरविंद सिंह ने इन प्रतिभागियों को प्री-रनिंग और पोस्ट-रनिंग के टिप्स दिए। मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने बताया कि मैराथन के लिए शहर के सात जोन में तैयारियां चल रहीं हैं। इस बूट कैंप के माध्यम से जयपुर वासियों को स्वस्थ रहने और ट्रेनिंग कैंप से जुड़ने का संदेश दिया जा रहा है। आगामी 4 फरवरी को होने वाली 15वीं जयपुर मैराथन देश की सबसे बड़ी मैराथन में से एक है, जिसमें हजारों रनर्स फिटनेस का संदेश देते हुए दौड़ लगाते हैं। मैराथन की तैयारियों के लिए शहर के सेंट्रल पार्क, जवाहर सर्किल, वैशाली नगर, श्याम नगर, विद्याधर नगर, मानसरोवर और जलमहल में ट्रेनिंग कैंप चलाए जा रहे हैं। प्रतिभागियों को 6 किमी, 10 किमी और 21 किमी की रनिंग के मैथर्ड के साथ रनिंग और वार्मअप से जुड़े टिप्स दिए जा रहे हैं।




**ग्लोबल क्लाइमेट चेंज थीम पर टेड टॉक का आयोजन**

**जयपुर।** ह्यूमन कॉन्ट्रिब्यूशन टु ग्लोबल क्लाइमेट चेंज थीम पर टेड इवेंट का आयोजन शनिवार को टेड पैनोरोड तथा बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। बियानी ग्रुप ऑफ कॉलेजेज के सभागार में हुए इस कार्यक्रम में अतिथि देवो भव: की परंपरा को निभाते हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया गया।। प्रोग्राम के मुख्य अतिथि डॉ. कृष्णकांत पाठक ने अपने संबोधन में कहा कि टेड टॉक्स हमेशा ही इन्पायरिंग स्टोरीज और लाइफ एक्सपिरियंस के आधार पर सभी को प्रेरणा देने वाला एक मंच रहा है। टेडएक्स करवाना ही अपने आप में एक उपलब्धि है। निदेशक डॉ. संजय बियानी ने पर्यावरण से प्यार करने के लिए सभी को प्रेरित किया। इस मौके पर डॉ. ध्यान सिंह गोठवाल ,अस्सिटेंट डायरेक्टर सीए अभिषेक बियानी, अस्सिटेंट डायरेक्टर डॉ. राधिका बियानी, प्राचार्या डॉ. नेहा पाण्डे मौजूद रही। टेड टॉक में 17 से ज्यादा स्पीकर्स ने अपनी नॉलेज और अनुभव साझा किए।

## हजारों छात्रों की मौजूदगी में पैराडॉक्स ने किया धमाल

# ले ले तू रिहाई.. जादूगर...

## की धुनों पर जमकर थिरके युवा



**बेधड़क** | जयपुर

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के एनुअल स्पोर्ट्स व कल्चरल फेस्ट 2024 के अंतर्गत शनिवार को युगामी यूथ फेस्ट का आयोजन हुआ।

युगामी फेस्ट में एमटीवी हसल फेम हिप-हॉप आर्टिस्ट पैराडॉक्स का कंसर्ट हुआ, जिसमें पैराडॉक्स ने अपने सिग्नेचर स्टाइल में कई रैप प्रस्तुत कर स्टूडेंट्स को झूमने पर मजबूर कर दिया।

पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में आयोजित सेलिब्रिटी नाइट कंसर्ट में उन्होंने अपने विशेष अंदाज में कई रैप प्रस्तुत किए, जिनमें ले ले तू रिहाई, जादूगर, बबम बम—बम और एनसीआर वाले जैसे प्रसिद्ध गीत शामिल रहे।

### अदा किया युवाओं का शुकराना

गौरतलब है कि पैराडॉक्स इन दिनों इंडिया टूर 'शुकराना' कर रहे हैं, जिसके तहत यह उनका अभी तक का सबसे बड़ा ओपन कंसर्ट था। इस कार्यक्रम को पूर्णिमा यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स सहित करीब सात हजार लोगों ने एंजॉय किया। इसमें पैराडॉक्स के अलावा जागीरदार, डीजे ट्रेपर एक्स, डीजे इश, विभोर व डीजे थ्रशेर की भी प्रस्तुतियां हुई।

### सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से भी मुखातिब हुए स्टूडेंट्स

इससे पूर्व दोपहर में युगामी यूथ फेस्ट में इन्फ्लुएंसर्स का वॉक इन मुख्य आकर्षण रहा। इसके तहत स्टूडेंट्स को देवाशीष गौड़ (कबीरा), रित्वी शाह, सृष्टि गर्ग एवं नेहा डूडल्स जैसे नामी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स से रूबरू होने का मौका मिला। पैनल डिस्कशन के तहत इन्होंने युवाओं को सोशल मीडिया पर पॉपुलर होने के टिप्स दिए और इस डिजिटल मंच का सुरक्षित उपयोग करने के तरीके भी बताए।



# नेशनल स्कूल सॉफ्टबॉल: बॉयज और गर्ल्स टीम बनी चैंपियन



### शिक्षा मंत्री ने दी जीत पर दोनों टीमों को बधाई

**बेधड़क** | बीकानेर

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया की ओर से बीकानेर में आयोजित हुए नेशनल स्कूल सॉफ्टबॉल कॉम्पटिशन में राजस्थान की टीमों ने दोहरे खिताब हासिल किए हैं। राष्ट्रीय स्कूल खेल सॉफ्टबॉल में 17 वर्ष से कम आयु वर्ग लड़कों और लड़कियों ने दोनों वर्गों में राजस्थान की टीमों ने स्वर्णिम सफलता से प्रदेश का मान बढ़ाया।

लड़कों ने सीबीएसई तो लड़कियों ने छत्तीसगढ़ टीम पर दर्ज की जीत बीकानेर में संपन्न इस एसजीएफआई राष्ट्रीय स्कूल सॉफ्टबॉल प्रतियोगिता में राजस्थान की लड़कियों की टीम ने फाइनल में छत्तीसगढ़ को आसानी से हरा कर खिताब पर कब्जा जमाया। वहीं दूसरी ओर राजस्थान के लड़कों ने फाइनल में एक रोमांचक मुकाबले में सीबीएसई की टीम को हराया। बालक वर्ग में राजस्थान ने सीबीएसई को 3-0 से हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा किया। बालक वर्ग कोच शाकिर अली व रामूर्ति छपरवाल रहे।

बालिका वर्ग में फाइनल मैच में राजस्थान ने छत्तीसगढ़ को 10-0 से हराते हुए स्वर्ण पदक पर जीता। प्रतियोगिता में बालिकाओं का मुकाबला शानदार रहा। बालिका वर्ग कोच रमेश वर्मा व गजराज कंवर थे।

पंजाब ने गर्ल्स कैटेगिरी में तीसरा तो छत्तीसगढ़ ने बॉयज कैटेगिरी में तीसरा स्थान प्राप्त किया। शिक्षा मंत्री मदन दिलावर और स्कूल शिक्षा विभाग के शासन सचिव नवीन जैन ने प्रदेश की टीमों के सराहनीय प्रदर्शन पर खुशी जताते हुए विजेता टीम के खिलाड़ियों, प्रशिक्षकों सहित विभाग की पूरी टीम को बधाई दी है।

## अरस्तु का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 19 व 20 को

**अलवर।** अखिल राजस्थान विद्यालय शिक्षक संघ (अरस्तु) का प्रांतीय शैक्षिक सम्मेलन 19-20 जनवरी को किशनगढ़बास अलवर में होगा। सम्मेलन की तैयारी बैठक प्रदेश अध्यक्ष रामकृष्ण अग्रवाल की अध्यक्षता में राजस्थान राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बजाज नगर जयपुर में संपन्न हुई। सम्मेलन के मुख्य अतिथि प्रोफेसर राकेश संभोरिया विभागाध्यक्ष राजस्थान कृषि अनुसंधान केंद्र दुर्गापुरा जयपुर मुख्य अतिथि, बीपी सुमन प्रधान पंचायत समिति किशनगढ़बास,डॉक्टर विनोद कुमारी सांगवान प्रधान पंचायत समिति कोट कासिम, श्रीमती तारामणि सिंगल चेयरमैन नगर पालिका किशनगढ़बास तथा ओम प्रकाश वर्मा सीडीईओ अजमेर विशिष्ट अतिथि होंगे।

अरस्तु के प्रदेश प्रवक्ता देवकरण गुर्जर ने बताया कि सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में हजारों शिक्षक भाग लेंगे , 20 जनवरी को खुले अधिवेशन में शिक्षकों की समस्याओं पर मांग पत्र तैयार कर सरकार को भेजा जाएगा।

**प्रेरणा** | बचपन की दोस्ती से हुआ शुरू फर्श से अर्श तक पहुंचा 'सादा' का सफर

# जीरो से शुरुआत: लाखों कस्टमर तक पहुंचे दो दोस्त

**बेधड़क** | जयपुर

तीन साल पहले अपने फैशन स्टार्टअप की नींव रखते हुए दो दोस्तों महेश और अक्षय टेकवानी को जरा भी अंदाजा नहीं था कि जिस बिजनेस को वे जीरो से शुरू कर रहे हैं वो मात्र तीन साल में पांच लाख कस्टमर्स तक पहुंच जाएगा और टर्नओवर 40 करोड़ तक। अक्षय टेकवानी सॉफ्टवेअर इंजीनियर हैं और आईटी सेक्टर से एकदम अलग फैशन इंडस्ट्री के फील्ड में अपने स्टार्टअप 'सादा' की शुरुआत की। वे बताते हैं कि हम सिम्प्लिसिटी को बढ़ावा देना चाहते थे। इसी के चलते हमने साधारण से नजर आने वाले फैशन अटायर्स को अट्रेक्टिव बनाने की कोशिश की।




### पांच लाख कस्टमर्स जुड़े

दोनों दोस्तों ने अपनी पढ़ाई एसएमएस स्कूल के बाल वाटिका से साथ में शुरू की थी। तीन साल पहले महेश और अक्षय की दो लोगों से हुई यह शुरुआत आज 120 सहयोगियों के साथ में बदल चुकी है। वे बताते हैं, शु से ही हमारा फोकस सस्टेनेबिलिटी पर रहा है। यही वजह है कि लोगों को हमारा प्रोडक्ट पसंद आया और आज हम पांच लाख कस्टमर्स तक पहुंच बना चुके हैं।

### अपहॉलेस्ट्री पर किया काम

वे बताते हैं, हमने बैडशीट्स बनाई, विमन वियर्स को नए रंग रूप में लाए। गलतियों से सीखते हुए काम को सुधारते चले गए। हमारी ऑनलाइन सेल बढ़ती चली गई। आज युवा ऑनलाइन शॉपिंग में ज्यादा भरोसा करते हैं। आज हमारे पांच लाख कस्टमर्स हैं। हम अमेजन और फ्लिपकार्ट पर भी काम कर रहे हैं। यहां हमारे कस्टमर्स का बेस भी बढ़ रहा है।

### गैराज से स्टार्टअप का शुभारंभ

अक्षय बताते हैं, जीरो से शुरुआत कर तीन सालों में हम इस मुकाम तक पहुंचे हैं और कोशिश है कि इस साल हम 35-40 करोड़ का रेवेन्यु तक पहुंच जाएंगे। अभी तक हम फीमेल ड्रेसेज पर काम कर रहे थे। अब हम मेल अटायर पर भी काम शुरु करने वाले हैं। महेश कहते हैं, हमने अक्षय के घर में बने गैराज में अपना स्टार्टअप शुरू किया था। सॉफ्टवेयर इंजीनियर अक्षय कहते हैं, मैं आईटी फील्ड से रहा हूं, मैं फैशन इंडस्ट्री में बिलकुल काम नहीं करना चाहता था लेकिन जब पहला प्रोडक्ट लॉन्च किया तो 40 फीसदी रिटर्न मिला। इससे उत्साहित होकर हमने दूसरे प्रोडक्ट्स् लॉन्च करने की सोची।

### युवाओं में बढ़ रहा क्रेज 'सादा' का

महेश कहते हैं, सादा की शुरुआत के समय तब कोविड का दौर था। उस समय लोग ऑनलाइन खरीददारी ही कर रहे थे। हमारी ग्रोथ वहीं से हुई। हमारे पास बहुत सारे कस्टमर्स ऐसे थे जो 30 साल की एज ग्रुप वाले थे और ऑनलाइन पेमेंट को लेकर कम्फर्टेबल थे। यही वजह थी कि वे हमारी वेबसाइट से खरीददारी करने लगे। शुरू में हमारे पास कम लोग थे, आज 120 लोगों की टीम है 400 से ज्यादा आर्टिजन्स काम कर रहे हैं। इस साल हमारा 35 से 40 करोड़ का रेवेन्यू के लक्ष्य को हासिल करने का टार्गेट है।

## जरूरी खबर

### पीएम जन मन योजना की पहली किस्त होगी जारी



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी मकर संक्रांति के दिन पीएम जन मन योजना के अंतर्गत 540 करोड़ रुपए की पहली किस्त जारी करेंगे। इस पैसे से आदिवासियों के लिए पक्के आवास बनाए जाएंगे। पीएम आवास योजना के लिए चयनित लोगों के आवास के निर्माण के लिए जारी की जाने वाली यह पहली किस्त है। प्रधानमंत्री मोदी ने गत वर्ष 15 जनवरी को बिरसा मुंडा की जयंती पर आदिवासी गौरव दिवस की शुरुआत की थी।

### UNSC में भारत की स्थाई सदस्यता की हिमायत

**कोलकाता।** बेल्जियम के पूर्व प्रधानमंत्री यवेस लेटरमे ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में भारत को स्थाई रूप से शामिल करने की पुरजोर वकालत की है। लेटरमे ने कहा कि इस तरह के कदम से परिषद की साख और बढ़ेगी। लेटरमे ने तर्क दिया कि सुरक्षा परिषद को 21वीं सदी की वास्तविकताओं के अनुरूप ढलने की आवश्यकता है, क्योंकि इसमें ऐसे प्रतिनिधित्व की आवश्यकता है जो 20वीं सदी में स्थापित संरचनाओं से परे हो। लेटरमे ने इसी के साथ पीएम मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि मोदी ने भारत के भू-राजनीतिक कद को ऊंचा करने का काम किया है और भारत ने उनके नेतृत्व में कई अधिकार पाए हैं। लेटरमे ने भारत मध्य पूर्व यूरोप आर्थिक गलियारे की भी सराहना की।

### उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर, पर सामान्य नहीं



**जम्मू।** उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने रविवार को कहा कि उत्तरी सीमा पर हालात स्थिर हैं, लेकिन सामान्य नहीं हैं। उन्होंने यह टिप्पणी लद्दाख क्षेत्र में वास्तविक नियंत्रण के संदर्भ में की। उन्होंने कहा कि मई 2020 में पूर्वी लद्दाख के सात गतिरोध वाले स्थानों में से पांच का समाधान भारतीय सेना और चीनी सेना ने कर लिया है। बाकी दो स्थानों के लिए बातचीत जारी है।यहां एक कार्यक्रम में उन्होंने पाकिस्तान का संदर्भ देते हुए कहा कि पड़ोसी देश पुंछ-राजौरी इलाके में आतंकवादी हमले की साजिश रच रहा है क्योंकि वह इलाके में चल रहे विकास कार्यों को पसंद नहीं करता।

## मनाया सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस



*नई दिल्ली। देश के सशस्त्र बलों की ओर से रविवार को सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दिल्ली छावनी के मानेकशॉ सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में वायुसेना अध्यक्ष एयरचीफ मार्शल वीआर चौधरी, नौसेना अध्यक्ष एडमिरल आर हरिकुमार और अन्य आला सैन्य अधिकारी व पूर्व सैनिक मौजूद थे।*

### NCR: गैर जरूरी निर्माण, कुछ श्रेणी के वाहनों पर रोक



**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने दिल्ली-राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में बिगड़ती वायु गुणवत्ता के बीच क्षेत्र में गैर जरूरी निर्माण कार्य और बीएस-3 पेट्रोल और बीएस-4 डीजल चार पहिया वाहनों के सड़कों पर दौड़ने पर प्रतिबंध लगाने का रविवार को आदेश दिया। वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग ने कहा कि प्रतिकूल जलवायु संबंधी परिस्थितियों और स्थानीय प्रदूषण स्रोतों के कारण दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (सुबह 10 और 11 बजे क्रमशः 458 और 457) काफी बढ़ गया है। लंबे समय तक वायु गुणवत्ता खराब रहने का अनुमान लगाते हुए समिति ने तुरंत 'ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान' (ग्रैप) के तीसरे चरण के प्रतिबंध लागू करने का फैसला किया है। ग्रैप सर्दियों के दौरान क्षेत्र में लागू की जाने वाली केंद्र की वायु प्रदूषण नियंत्रण योजना है।

**कांग्रेस की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शुरू:** मोदी पर साधा निशाना, कहा...

# पीएम नहीं आए आप लोगों के आंसू पोंछने- हाथ पकड़ने: राहुल

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने रविवार को मणिपुर के थौबल से भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत की। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राहुल ने न्याय यात्रा को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर राहुल गांधी ने दौरान केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि 2004 से राजनीति में हूं। पहली बार हिंदुस्तान के एक प्रदेश गया, जहां पूरी व्यवस्था ध्वस्त हो गई है। जिसे आप मणिपुर कहते थे, वो अब रहा ही नहीं। उन्होंने दावा किया, देश के प्रधानमंत्री आज तक यहां लोगों के आंसू पोंछने, हाथ पकड़ने नहीं आए। शायद भाजपा, आरएसएस के लिए मणिपुर देश का हिस्सा नहीं है।



### लोकतंत्र खत्म कर रही है भाजपा : खरगे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने भी केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि देश में तानाशाही रवैया चल रहा है तथा भाजपा लोकतंत्र खत्म कर रही है। । खरगे ने कहा कि राहुल गांधी ने न्याय यात्रा के जरिए ऊंची उड़ान का हौसला बनाया है। राहुल गांधी चार सिद्धांतों न्याय, स्वतन्त्रता, समता और बंधुता के लिए लड़ रहे हैं। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, मोदी जी समुद्र के पास घूमते हैं और बैठकर राम-राम करते है। मुंह में राम, बगल में छुरी नहीं होनी चाहिए।

### युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित

राहुल गांधी ने यात्रा शुरू करने से पहले खोंगजोम युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। उनके साथ पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और इसके कई अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद थे। यह स्मारक 1891 में अंग्रेजों व मणिपुर के बीच हुए युद्ध के शहीदों के सम्मान में बनवाया गया था।

### दो सभाओं को संबोधित करेंगे राहुल

यात्रा के दौरान राहुल हर दिन दो सभाओं को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, वह हर दिन समाज के विभिन्न वर्गों के 20 से 25 लोगों से मिलेंगे। वह सामाजिक संगठनों के सदस्यों साथ भी बातचीत करेंगे। अगले 11 दिनों के दौरान यात्रा पूर्वोत्तर के पांच राज्यों से होकर गुजरेगी। 23 जनवरी को राहुल घोषणापत्र के सिलसिले में गुवाहाटी में लोगों से जनसंवाद करेंगे।

### BSP के निलंबित सांसद दानिश पहुंचे मणिपुर

पार्टी विरोधी गतिविधियों के चलते बसपा से निलंबित हुए लोकसभा सांसद दानिश न्याय यात्रा में शामिल होने रविवार को मणिपुर पहुंचे। दानिश ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में यह जानकारी दी।

**हिट एंड रन मामला:** सुप्रीम कोर्ट का निर्देश

# मुआवजा बढ़ाने पर विचार करे सरकार

एजेंसी | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को निर्देश दिया है कि वह हिट एंड रन मामलों में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों को और गंभीर रूप से घायलों को दिए जाने वाले मुआवजे की राशि को बढ़ाने पर विचार करे। सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को इस फैसले पर विचार के लिए आठ हफ्तों का समय दिया है और 22 अप्रैल को अगली सुनवाई पर जानकारी देने का निर्देश दिया है। मोटर व्हीकल एक्ट 1988 के अनुसार, अगर किसी व्यक्ति को कोई वाहन टक्कर मारकर फरार हो जाता है और इस हादसे में पीड़ित की मौत हो जाती है तो उसे अधिकतम दो लाख रुप, का मुआवजा मिलता है। वहीं गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को 50 हजार रुपए की आर्थिक मदद मिलती है। सुप्रीम कोर्ट ने पुलिस को भी हिट एंड रन के पीड़ितों के परिजनों को कानून के तहत मुआवजा योजना की जानकारी देने को भी कहा है। जस्टिए एएस ओका और जस्टिस पंकज मित्तल की पीठ ने कहा कि सड़क परिवहन मंत्रालय हर साल हिट एंड रन के मामलों के आंकड़ों को प्रकाशित करता है। इनसे पता चलता है कि साल दर साल हिट एंड रन के मामलों में तेजी आ रही है।

### बेहद कम संख्या में लोगों को मिला कानून का फायदा

आंकड़ों के अनुसार, बीते पांच सालों में हिट एंड रन से 660 लोगों की मौत हुई है और 113 लोग घायल हुए हैं, जिनमें कुल एक करोड़ 84 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया है। पीठ ने कहा कि जितने मामले दर्ज किए गए है और जितने लोगों को मुआवजा मिला है, वह बेहद कम हैं।

**मिलिंद देवड़ा ने दिया** कांग्रेस को सियासी झटका

# कांग्रेस से किनारा, शिंदे गुट में शामिल

एजेंसी | मुंबई

मणिपुर में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा की शुरुआत से पहले पार्टी को मुंबई में बड़ा सियासी झटका लगा है।

पूर्व केंद्रीय मिलिंद देवड़ा ने कांग्रेस से इस्तीफा दे दिया और बाद में वह महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में शिवसेना (शिंदे गुट) में शामिल हो गए। 47 वर्षीय मिलिंद देवड़ा यूपीए-2 के कार्यकाल में कुछ समय तक मंत्री भी रह चुके हैं। वह पूर्व केंद्रीय मंत्री मुरली देवड़ा के पुत्र हैं।



### रिश्ता खत्म

मिलिंद देवड़ा ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर लिखा, कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता से मैंने अपना त्यागपत्र दे दिया है। कांग्रेस पार्टी के साथ मेरे परिवार का 55 साल पुराना रिश्ता ख़त्म हो गया है।

### GAIN की राजनीति में विश्वास

मिलिंद देवड़ा ने कहा, मैं गेन की राजनीति में (GAIN-ग्रोथ, एस्पीरेशन, इंक्लूजिविटी, नेशनलिज्म) विश्वास करता हूं। मैं PAIN-(पर्सनल अटैक, इनजस्टिस,नेगेटिविटी ) की राजनीति में विश्वास नहीं करता। कांग्रेस पार्टी जो कल तक देश को रचनात्मक सुझाव देते थी कि कैसे देश को आगे लेकर जाया जाए आज उसका एक ही लक्ष्य है कि पीएम मोदी जो बोलें, उसके खिलाफ बोलना है।

### इस्तीफे का समय PM ने तय किया: जयराम

इस बीच, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर लिखा, जाहिर तौर पर यह सब एक तमाशा था। उन्होंने जाने का मन बना लिया था और उनके पार्टी छोड़ने की घोषणा करने का समय स्पष्ट रूप से प्रधानमंत्री की तरफ से तय किया गया था। मैं मुरली देवड़ा के साथ अपने लंबे वर्षों के जुड़ाव को बड़े चाव से याद करता हूं। वे हमेशा कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े रहे।

## पोंगल उत्सव में शामिल हुए पीएम मोदी



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को नई दिल्ली में आयोजित पोंगल उत्सव में शामिल हुए। केंद्रीय राज्य मंत्री मुरुगन के निवास पर पोंगल उत्सव का आयोजन किया गया था।*

**अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह**

# अयोध्या 20 से 22 तक हाई सिक्योरिटी जोन में, चप्पे-चप्पे पर नजर

एजेंसी | अयोध्या

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर अयोध्या 20 से 22 जनवरी तक हाई सिक्योरिटी जोन में रहेगा। शहर की सभी सीमाएं सील रहेंगी। जमीन से लेकर आसमान और सरयू नदी के तटों पर कड़ी नजर होगी। अयोध्या में 20 जनवरी से ही बाहरी लोगों को प्रवेश नहीं मिलेगा। इसके साथ ही बाहरी वाहनों को प्रवेश नहीं देने की योजना है। शहर के वाशिंदों को उनके घर तक पहुंचने की अनुमति दी जाएगी। इसके लिए उन्हें पहचान पत्र दिखाना होगा। पुलिस प्रशासन ने स्थानीय लोगों से 21 व 22 जनवरी को बाहर न निकलने की अपील की है। प्राण प्रतिष्ठा समारोह के अवसर पर अयोध्या में लगभग 13 हजार से अधिक सुरक्षाकर्मियों का अभेद सुरक्षा घेरा होगा। एटीएस कमांडो व जवानों के साथ आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस व एंटी ड्रोन सिस्टम के जरिए उसे और पुख्ता बनाया गया है। आईबी व रॉ के अधिकारियों ने भी अयोध्या में डेरा डाल रखा है और कई स्तर पर सुरक्षा प्रबंधों की निरंतर समीक्षा की जा ही है।



### जानकी धाम से ट्रकों में आए उपहारों में आभूषण फल, मेवे और अनाज शामिल

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर अलग-अलग प्रांतों से रामभक्त अपने अराध्य के लिए तरह-तरह के उपहार ला रहे हैं। ऐसे में रविवार को मां जानकी की जन्मभूमि पुनौरा धाम सीतामढ़ी बिहार से पांच ट्रकों में भरकर अनेकों उपहार रामनगरी लाए गए। पुनौरा धाम मंदिर के प्रबंधक श्रवण कुमार ने बताया कि ये भेंट प्रभु श्रीराम के गृहप्रवेश के लिए मां जानकी के मायके से भेजी गई है। इसमें तरह-तरह के फल, मेवे, अनाज में गेंहू, चावल , मिठाई में खाजा, लड्डु, आभूषण में कान की बाली, नाक की नथुनी, बिछिया, पायल हैं। साथ ही प्रभु के लिए चांदी के खड़ाऊ और जनेऊ भेजे गए हैं। इसके अलावा तांबा और फूल के बर्तन भी हैं।

### चित्रकूट से चरण पादुका यात्रा आज से

अयोध्या में रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के तहत श्रीराम चरण पादुका यात्रा 15 जनवरी से चित्रकूट से शुरू होगी, जो 19 जनवरी को अयोध्या पहुंचेगी। यात्रा भरतकूप स्थित कुंड से कलश में जल लेकर और पादुका पूजन के साथ शुरू होगी।यह यात्रा प्रयागराज, श्रृंगवेरपुर, प्रतापगढ़, सुल्तानपुर, होते हुए अयोध्या पहुंचेगी।

### थाईलैंड खोलना चाहता है सांस्कृतिक केंद्र

भगवान विष्णु की सवारी गरुड़ को प्रतीक चिह्न और राजा राम के नाम से राज करने वाले थाईलैंड के राजा के प्रतिनिधि ने अयोध्या में रामलला के दरबार में हाजिरी लगाई है। थाईलैंड से आए प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के सदस्य बिमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्र से मुलाकात कर अयोध्या में सांस्कृतिक केंद्र खोलने के लिए जमीन की भी मांग की है। मिश्र ने बताया कि हम इस प्रस्ताव को आगे बढ़ाएंगे। थाईलैंड में भारत के राजदूत डॉ. परविंदर सिंह ने कहा कि राम मंदिर के उद्घाटन वाले दिन थाईलैंड में भी उत्सव मनाया जाएगा

### इलेक्ट्रिक वाहनों की सौगात रंगों से होगी रूट की पहचान

अयोध्या में प्रदूषण मुक्त नगरीय परिवहन के लिए रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या धाम बस स्टेशन से 50 इलेक्ट्रिक बसों व 25 ई आटो को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इसी के साथ ई-वाहनों का संचालन पांच रूटों पर शुरू हो गया है। इन ई-वाहनों के माध्यम से भव्य दिव्य मंदिर के विराजित होने वाले रामलला के दर्शन पूजन के लिए श्रद्धालुओं की पहुंच आसान हो जाएगी। महर्षि वाल्मीकि अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से भी ई-वाहनों का संचालन प्रारंभ करा दिया गया है, जितनी फ्लाइट आएंगी, उनके समय के अनुसार, बसों का संचालन कराया जाएगा। हवाई अड्डे से एक्सप्रेस सेवा का किराया एकमुश्त 100 रुपए प्रति यात्री निर्धारित किया गया है।

## जयपुराइट्स के सेलिब्रेशन में सिर्फ पतंगबाजी नहीं, अन्य रंग भी दिखे

# संक्रांति पर शानदार बॉन्डिंग फैशन और म्यूजिक का फ्यूजन

**बेधड़क.जयपुर।** जयपुराइट्स ने संक्रांति को उत्सव और जश्न के रूप में सेलिब्रेट किया। पतंगबाजी तो परंपरा है ही, लेकिन ड्रेसेज, डांस और संगीत के साथ बॉन्डिंग पर भी काम हुआ, जिसका असर संक्रांति में देखा गया। यूथ ने इसको सेलिब्रेट करते हुए फैशन के रूप में भी लिया और कई रंग देखने को मिले। जयपुराइट्स ने कई रंगों में संक्रांति सेलिब्रेट की। इस मौके पर फेमिली मैंबर्स की बॉन्डिंग देखने को मिली। कई दिनों तक नहीं मिल पाने वाले मैंबर्स साथ और उन्होंने जश्न मनाते हुए चर्चा की। सी-स्कीम स्थित एक फेमिली ने यही फॉर्मेट अपनाया।

### डीजे नाइट को किया एंजॉय

ऐसे ही युवाओं ने फैशन के रंग बिखेरे। गर्ल्स ने अपने ड्रेसेज और म्यूजिक पार्टी से रंग जमाया। शाम होते ही छतें डीजे फ्लोर बन गईं। युवाओं ने डांस पार्टी एंजॉय की और जमकर डीजे पार्टी सेलिब्रेशन देखने को मिला। इस दौरान बॉलीवुड हिट्स के साथ इस बार राममय भारत देश की झलक भी दिखी, क्योंकि युवाओं ने राममय गानों पर डांस करते हुए भक्ति भी दर्शाई।







### विंटर और समर ड्रेसेज का फ्यूजन

युवाओं ने विंटर और समर ड्रेसेज का फ्यूजन भी दर्शाया और कई ड्रेसेज एक्सपेरिमेंट्स देखने को मिले। पतंगों के रंग में बनी ड्रेसेज पहनकर उन्होंने पर्व मनाया तो समर कलेक्शन का फ्यूजन दिखाई दिया और उसके साथ पर्व मनाया गया।



## जिन बिंब दर्शन दिवस मनाया



**बेधड़क. जयपुर।** मकर संक्रांति को जैन धर्मावलंबियों ने जिन बिम्ब दर्शन दिवस मनाया। बड़ी संख्या में मंदिरों में जिन बिम्बों के दर्शन, पूजा अर्चना की गई। राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि संक्रांति जैन धर्म में जिन बिम्ब दर्शन के रूप में माना जाता है। इस दिन भरत चक्रवर्ती ने सूर्य बिम्ब में अक्रत्रिम चैत्यालय के दर्शन किए थे। इसी खुशी में राजा भरत ने अपने कोष के सारे भंडारे दान देने के लिए खोल दिए थे। इस दिन जैन धर्मावलंबी तीर्थंकर भगवान के दर्शन जरूर करते हैं। इस दिन चारों प्रकार के दान में से या करुणा दान में से कुछ ना कुछ दान करते हैं।

## बच्चों को बांटी पतंगें और लड्डू



**बेधड़क. जयपुर।** शिल्प सृजन संस्था के तत्वावधान में मकर संक्रांति पर पतंग महोत्सव का आयोजन किया गया। विभिन्न बस्तियों के लगभग 200 से अधिक बच्चों को पतंगे, चरखी, धागा, लड्डू, कचोरियां, स्वेटर, कंबल, खिलौने वितरित किए गए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में रिटायर्ड आईएएस बीएल शर्मा व रिटायर्ड आईएएस एसएस बिस्सा रहे। सर्दी से बचाव के लिए जरूरतमंदों को कंबल बांटे गए। कार्यक्रम का संचालन संस्था सचिव कुलदीप बैंसला ने किया।

## मिस राजस्थान: रजिस्ट्रेशन कल से



**बेधड़क. जयपुर।** फ्यूजन ग्रुप द्वारा आयोजित ब्यूटी पेजेंट के रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया 16 जनवरी से शुरू होगी। आयोजक योगेश मिश्रा ने बताया कि मिस राजस्थान का यह 26वां एडिशन होगा। गौरतलब है 25वें एडिशन की तैयारी के बाद 2023 में वर्ल्ड के बेस्ट तीन पीजेंट में मिस राजस्थान की गर्ल्स ने इंडिया को इंटरनेशनल प्लेटफॉर्म पर रिप्रेजेंट किया। मिस अर्थ में प्रियन सैन, मिस इंटरकॉन्टनेटल में भावना वैष्णव व मिस ग्लोब में ऐश्वर्या ने भारत का प्रतिनिधित्व किया। मिस राजस्थान में 17 वर्ष से 27 वर्ष की गर्ल्स हिस्सा ले सकती हैं। मिस राजस्थान की ऑफिशल वेबसाइट missrajasthan.org पर हिस्सा लेने के लिए रजिस्ट्रेशन कराया जा सकता है।

## City इवेंट्स

### श्रेष्ठ मंदिर को मिलेगा पुरस्कार



**बेधड़क. जयपुर।** अयोध्या में 22 जनवरी को हो रहे भगवान श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर राजस्थान के देवस्थान विभाग ने प्रदेश के मंदिरों में आयोजन को लेकर व्यापक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी हैं। इसके लिए प्रदेश के समस्त मंदिरों में साफ-सफाई के लिए स्वच्छता अभियान चलाया जाएगा। अभियान का आगाज जयपुर के सिरह डयोढ़ी बाजार स्थित श्रीरामचंद्र मंदिर से किया गया। इस मौके पर जनप्रतिनिधि भी शामिल हुए और उन्होंने सफाई की। उन्होंने कहा कि मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य में प्रदेश के हर मंदिर में सजावट, सफाई, रोशनी, आरती, प्रसाद की व्यवस्था कर रही है। इस दिन अयोध्या में आयोजित कार्यक्रम का सभी मंदिरों में लाइव प्रसारण होगा। इसके अलावा गाय के गोबर से बने दीपकों से रोशनी की जाएगी। वहीं, मंदिरों में सत्संग, सुंदरकांड या हनुमान चालीसा के पाठ होंगे।

### 'ऑपरेशन फ्री स्काई' का पोस्टर लॉन्च




**बेधड़क. जयपुर।** वर्ल्ड संगठन, एनिमल वेलयर बोर्ड ऑफ इंडिया, राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड, पशुपालन विभाग तथा जयपुर जिला पशु क्रूरता निवारण समिति की ओर से पतंगों की डोर से घायल परिंदों को बचाने के लिए 'आपरेशन फ्री स्काई'अभियान चलाया गया है। आमजन को मुहिम से जोड़ने के लिए पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत तथा राज्य जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के सदस्य व भारतीय जीव जन्तु कल्याण बोर्ड के प्रतिनिधि मनीष सक्सेना ने ऑपरेशन फ्री स्काई अभियान पर विशेष पोस्टर का विमोचन किया।

### घायल पक्षियों का कैंप में इलाज



**बेधड़क. जयपुर।** मकर संक्रांति पर 4 दिवसीय नि:शुल्क पक्षी चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। हॉप एंड बियोंड व एंजल आइज संस्था के संयुक्त तत्वाधान में 16 जनवरी तक चलने वाले शिविर में पक्षियों का निशुल्क इलाज हो रहा है। शिविर के पोस्टर का विमोचन कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने किया। साथ ही उन्होंने आम जन से अपील की कि घायल पक्षी नजर आएं तो हेल्प लाइन नंबर 8239939929, 917597677511 पर संपर्क करें।

## आचार्य सौरभ सागर ने किया मार्गदर्शन

# धार्मिक क्रियाएं व्यावहारिक, फिर व्यवस्थित और अब परंपरागत





**बेधड़क | जयपुर**

गुलाबी नगरी के जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में प्रवास रत आचार्य सौरभ सागर जी मुनिराज ने धर्म सभा का मार्गदर्शन किया। उन्होंने बताया कि धार्मिक क्रियाएं पहले व्यावहारिक होती थीं। समय उपरांत इन्होंने एक व्यवस्थित रूप ले लिया तथा अब अलग-अलग प्रचलित परम्पराओं के अनुसार हो गई हैं। प्रबंध समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला के अनुसार आचार्यश्री ने जिज्ञासाओं के समाधान में कहा कि अष्ट द्रव्य में से बहुत पहले पुष्प व नैवेद्य लुप्त हुए। फिर दीप और धूप तथा पिछले कुछ वर्षों में जल और चन्दन लुप्त हो गए। आचार्यश्री ने आगे समझाया कि जैसे परिणाम वैसी ही गति होती है। भगवान के समक्ष हमारे जो भाव होते हैं, वैसा ही हमें परिणाम मिलता है। इस संबंध में अनित्य, अशरण, सांसारिक आदि 12 भावनाओं का आचार्यश्री ने जिक्र किया। सभा में इससे पूर्व चन्द्रमणि चांदवाड़ द्वारा मंगलाचरण तथा ऋषब बाकलीवाल द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया। सभा में देवेंद्र कासलीवाल, सुरेश काला, तारा चंद गोधा सहित कई श्रोताओं ने अपनी जिज्ञासा का समाधान प्राप्त किया। आचार्यश्री का नित्य प्रातः नो बजे प्रवचन व दिन में तीन बजे स्वाध्याय का कार्यक्रम हो रहा है।

## मकर संक्रांति पर युवाओं की अनूठी पहल

# छत पर नहीं, जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंचकर मनाया पर्व



**बेधड़क | जयपुर**

मकर संक्रांति पर जयपुर के कुछ युवाओं ने त्योहार के जश्न में इस बार एक इमोशनल पुट डाला। एक और जहां पूरा शहर पतंग उड़ाने में और जश्न मनाने में व्यस्त था, वहीं यह ग्रुप पतंग उड़ाना छोड़कर जरूरतमंद गरीब बच्चों के बीच में पहुंचा। वहां पर सबने इस पर्व को जरूरतमंदों के साथ शामिल होकर मनाया। इस दौरान उन्होंने बस्ती के बच्चों को न केवल पतंगें गिफ्ट कीं, बल्कि उनके लिए अच्छे भोजन की व्यवस्था करते हुए अपने हाथों से भोजन परोसा।

यह अनूठी पहल करने वाले ग्रुप से जुड़े एक मेंबर अभिषेक नायक ने बताया कि संक्रांति सभी अपने छतों के ऊपर मनाते हैं, लेकिन मैंने साथियों के साथ सोचा था कि जश्न मनाने के साथ-साथ कुछ समय जरूतमंदों के लिए भी निकालेंगे।

इसी सोच के साथ कुछ समय पतंगबाजी करने के बाद सोडाला, मानसरोवर आदि स्थानों पर भोजन और पतंगें लेकर गए और बच्चों के साथ जश्न मनाया। इस दौरान पंगत प्रसादी का भी आयोजन किया और बच्चों के साथ बड़ों को भी फूड पैकेट देते हुए अपने हाथों से भोजन कराया। इस दौरान करीब 60 बच्चों के लिए भोजन की व्यवस्था की गई। इसके लिए किसी से कोई आर्थिक सहायता नहीं ली गई, बल्कि अपनी बचत से सब किया। इस दौरान बच्चों को संक्रांति का महत्व भी बताया तो वे रोमांचित हो उठे।

**अभयदयानम्** सिंथेसाइजर पर नवकार मंत्र की धुन के साथ शुरू हुआ हुआ जयपुर सेंटर का वार्षिक उत्सव

# गोल स्पष्ट होगा, तभी जीवन में प्राथमिकताएं पूरी कर पाएंगे

**बेधड़क | जयपुर**

जयपुर सेंटर का वार्षिक उत्सव अभयदयानम् की थीम पर 200 लोगों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। धर्म अनुरागी और सेवानिवृत्ति वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजेंद्र भाणावत के मुख्य आतिथ्य और समाज के श्रावक-श्राविकाओं की उपस्थिति में आयोजन को सफल बनाया गया। मुख्य अतिथि का अखिल भारतीय साधु मार्गी जैन संघ के जयपुर अध्यक्ष ज्ञानचंद मुथा और सचिव राजकुमार नाहर ने स्वागत किया। रामबाग सर्किल पर महिला महाविद्यालय के कॉन्फ्रेंस हॉल में हुए आयोजन में उत्सव की शुरुआत विआन जैन ने सिंथेसाइजर पर नवकार मंत्र की धुन को बजाकर और गाकर शुरुआत की।






### लघु नाटिका ने दर्शकों को किया प्रभावित

उत्तराध्ययन में फरमाई गई भगवान वाणी 'समयं गोयम मा पमायए' पर आधारित लघु नाटिका ने दर्शकों पर गहरा असर डाला। इस लघु नाटिका में बताया गया कि हम समय का सदुपयोग करें और अपनी प्राथमिकताएं तय करें। जीवन में जब गोल स्पष्ट होगा तभी हम प्राथमिकताएं तय कर उन्हें प्राप्त कर सकते हैं।

### क्लासेज में तराशे जाते हैं मूल्य

एडमिन रजनी बोरड ने 'नो एंड ग्रो' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि जैन सिद्धांत आज भी बहुत प्रासंगिक है। नो एंड ग्रो की क्लासेस में मूल्यों को तराशने और जैन दर्शन आधारित वैल्यू एजुकेशन दी जाती है। इन कक्षाओं के द्वारा जैन सिद्धांतों को व्यावहारिक प्रयोग के माध्यम से जीवन में उतारने का अभ्यास कराया जाता है। यह कक्षाएं बच्चों को सूत्र ज्ञान के साथ-साथ विनम्रता विचारशीलता दया भाव और सहनशीलता आदि के गुण विकसित करने में मदद करती हैं।

### पारितोषिक वितरण किया

कार्यक्रम के अंत में पारितोषिक वितरण किया गया। मुख्य अतिथि ने उद्बोधन में इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि आज के समय में यह बहुत महत्वपूर्ण है कि इन कक्षाओं से बच्चों में संस्कार विकसित किए जाएं।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, सोमवार, 15 जनवरी, 2024




आप सभी का आज मैं "रामाभिषेकम उत्सव एवं विशाल आरती" में अल्बर्ट हॉल जयपुर पर स्वागत करता हूं।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप



## चीन का ऐलान: दुनिया में बस एक ही चीन, ताइवान उसका हिस्सा

# कट्टर विरोधी के राष्ट्रपति बनने पर भड़का ड्रैगन

एजेंसी | बीजिंग

ताइवान चुनाव में कट्टर चीन विरोधी पार्टी की प्रचंड जीत को लेकर चीन बौखलाया हुआ है. यही वजह है कि ताइवान के चुनावी नतीजों को लेकर चीन ने कहा है कि ताइवान एक तरह से चीन का आंतरिक मामला है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि ताइवान में जो भी बदलाव हो रहे हैं, उसका बुनियादी तथ्य ये है कि दुनिया में सिर्फ एक ही चीन है और ताइवान उसका हिस्सा है और इस तथ्य में किसी भी कीमत पर बदलाव नहीं होगा।

चीन ने कहा कि हम 'एक चीन सिद्धांत' में विश्वास करते हैं। ताइवान की स्वतंत्रता का विरोध करते हैं। इस रुख में बदलाव नहीं होगा। वहीं, एक चीन सिद्धांत को पर अंतरराष्ट्रीय समुदाय के मौजूदा रुख में भी कोई बदलाव नहीं होगा।



### तीसरी बार जीती डेमोक्रेटिक पार्टी

बता दें कि ताइवान की सत्तारूढ़ डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी (DPP) के नेता लाई चिंग ते ने शनिवार को राष्ट्रपति चुनाव जीत लिया था। लाई चिंग और उनकी पार्टी डीपीपी को चीन का कट्टर विरोधी माना जाता है। लाई चिंग ते की जीत के साथ ही उनकी डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव पार्टी ने लगातार तीसरी बार सत्ता में आकर इतिहास रच दिया था।

### चीन और ताइवान में अनबन क्यों!

चीन और ताइवान का रिश्ता अलग है। ताइवान 1949 से खुद को आजाद मुल्क मान रहा है, लेकिन अभी तक दुनिया के 14 देशों ने ही उसे आजाद देश के तौर पर मान्यता दी है और उसके साथ डिप्लोमैटिक रिलेशन बनाए हैं। चीन ताइवान को अपना प्रांत मानता है।

## मालदीव टेंशन: मुइज्ज़ू ने कहा, 15 मार्च तक हटाएं सेना

# पल-पल बदल रहे हालात

एजेंसी | माले

भारत और मालदीव के बीच रिश्ते लगातार खराब होते जा रहे हैं। पीएम मोदी के लक्षद्वीप दौरे के बाद मालदीव के मंत्रियों की टिप्पणियां सामने आईं, जिनके बाद तीन को सस्पेंड किया गया। वहीं, अब मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्ज़ू ने तेवर दिखाते हुए भारतीय सेना को 15 मार्च तक मालदीव से वापस जाने के लिए कह दिया है।

दोनों देशों में बिगड़ते रिश्तों के बीच स्थानीय मीडिया ने रविवार को बताया कि मालदीव में भारतीय उच्चायोग के अधिकारियों ने माले में मालदीव विदेश मंत्रालय के अधिकारियों से मुलाकात की है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक मालदीव और भारत ने मालदीव में तैनात भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी को लेकर आधिकारिक बातचीत शुरू कर दी है। हालांकि, विदेश मंत्रालय ने अब तक कथित बैठक पर कोई बयान जारी नहीं किया है। राष्ट्रपति के रणनीतिक संचार कार्यालय के मंत्री इब्राहिम खलील के हवाले से बताया गया कि यह बैठक उच्च स्तरीय कोर ग्रुप की थी, जिसे मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्ज़ू और भारत के पीएम मोदी के बीच हुई बैठक के दौरान मालदीव और भारत स्थापित करने पर सहमत हुए थे।

रिपोर्ट के मुताबिक बातचीत माले में विदेश मंत्रालय मुख्यालय में शुरू हुई। खलील ने कहा कि समूह भारतीय सैन्य कर्मियों की वापसी और मालदीव में भारत समर्थित विकास परियोजनाओं में तेजी लाने पर चर्चा कर रहा है। मालदीव में भारतीय सैनिकों को हटाना मुइज्ज़ू की पार्टी का मुख्य अभियान था। वर्तमान में, मालदीव में डोर्नियर 228 समुद्री गश्ती विमान और दो एचएएल ध्रुव हेलिकॉप्टरों के साथ लगभग 70 भारतीय सैनिक तैनात हैं।



### यह बोले मुइज्ज़ू

मालदीव के राष्ट्रपति मुइज्ज़ू ने कहा है कि मालदीव को उसके छोटे आकार के बावजूद धमकाया नहीं जा सकता है। हालांकि, मुइज्ज़ू ने भारत का नाम नहीं लिया, लेकिन माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच पिछले दिनों जिस प्रकार की टेंशन रही, उसी वजह से उनका इशारा भारत की ओर ही था। भारत और मालदीव में तनाव के दौरान ही राष्ट्रपति मुइज्ज़ू ने चीन की पांच दिवसीय यात्रा भी पूरी की है। इस दौरान पर्यटन समेत दोनों देशों के बीच 20 अहम समझौते हुए हैं।

## उत्तर कोरिया ने किया बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

# तानाशाह जोंग ने कुछ दिन पहले दी थी धमकी

एजेंसी | सोल

देश की परमाणु-हमले की क्षमताओं बढ़ाने की किम जोंग उन की प्रतिबद्धता के बीच उत्तर कोरिया ने रविवार को पूर्वी तट पर एक संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइल का प्रक्षेपण किया है।

यह 2024 में इस तरह का किया गया पहला प्रक्षेपण है।



जापान के तट रक्षक और दक्षिण कोरिया के संयुक्त चीफ ऑफ स्टाफ ने कहा कि देश के पूर्वी तट से दूर उत्तर कोरिया की तरफ से कम से कम एक मिसाइल का प्रक्षेपण किया गया. मिसाइल कितनी दूर तक पहुंची इस बारे में कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

यह प्रक्षेपण उत्तर कोरिया द्वारा दक्षिण कोरिया के साथ तनावपूर्ण समुद्री सीमा के पास तोपखाने के गोले दागने के कुछ दिनों बाद किया गया है, जिसके बाद दक्षिण कोरिया ने उसी क्षेत्र में इसी तरह की गोलीबारी का अभ्यास किया था। दिसंबर के अंत में ही सत्ताधारी पार्टी की एक प्रमुख बैठक में, उत्तर कोरियाई तानाशाह किम जोंग उन ने अपने परमाणु हथियारों का जखीरा बढ़ाने और अतिरिक्त जासूसी उपग्रहों को लॉन्च करने की कसम खाई थी।






### रूस में मिली सबसे बड़ी सोने की खदान

**मॉस्को।** रूस ने सुदूर पूर्व में सबसे बड़ी सोने की खोज की घोषणा की है। यह खदान पूर्वी संघीय इकाई चुकोटका में में स्थित है। रूस का अंदाजा है कि इस खदान में 100 टन से अधिक सोना मौजूद है। वर्ष 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद यह रूस में सोने की सबसे बड़ी खोज है। यह पुतिन के लिए सबसे बड़ी राहत की खबर मानी जा रही है। बता दें, अभी रूस कई प्रतिबंधों का सामना कर रहा है।

## पाकिस्तानः चुनावी पिच पर बिना 'बल्ले' इमरान की पार्टी

# सुप्रीम कोर्ट ने छीना PTI का चुनाव चिह्न

एजेंसी | इस्लामाबाद

पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को सुप्रीम कोर्ट से करारा झटका लगा है। पड़ोसी मुल्क के सुप्रीम कोर्ट ने शनिवार देर रात पीटीआई के आंतरिक चुनावों को रद्द घोषित करने के साथ ही पार्टी के चुनाव चिह्न 'बल्ले' को भी अमान्य घोषित कर दिया। दरअसल, पाकिस्तान चुनाव आयोग ने पेशावर हाईकोर्ट के उस फैसले को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी, जिसमें बुधवार को इमरान की पार्टी के आंतरिक चुनावों को वैध करते हुए पार्टी के चुनाव चिह्न 'बल्ले' (क्रिकेट का बल्ला) के चुनाव चिह्न के रूप में बहाल कर दिया था।

सीजेपी जस्टिस काजी फ़ैज़ ईसा, जस्टिस मुहम्मद अली मजहर और जस्टिस मुसर्रत हिलाली की तीन सदस्यीय बेंच ने ईसीपी की याचिका पर सुनवाई की और सुनवाई के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया, जिसे शनिवार देर रात सुनाया गया। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हम पेशावर हाईकोर्ट के फैसले को रद्द करने और ईसीपी फैसले को बहाल करने का ऐलान करते हैं। इसमें पीटीआई के चुनावों को अमान्य कर और पार्टी को उसके चुनाव चिह्न 'बल्ले' से वंचित कर दिया गया।

## सबसे तेज हमला करती है रॉकेट बर्ड

# पलक झपकते ही शिकार गायब

एजेंसी | बेंगलुरू

जब भी जानवरों के शिकार की चर्चा होती है तो चीता, शेर, बाज, मगरमच्छ आदि की बातें होती हैं। आज हम जिस शिकारी की बात करने जा रहे हैं वो एक पक्षी है। खास बात यह है कि यह बर्ड बहुत तेज रफ्तार से हमला करती है। वैसे, आमतौर पर माना जाता है कि चीता बहुत स्पीड में हमला करता है, लेकिन यह पक्षी, जिसे रॉकेट बर्ड कहा जाता है, वह चीता के पांच गुना ज्यादा रफ्तार से अपने शिकार पर हमला करती है। पक्षियों में सबसे तेज हमलावर होने की बात पर बाज और चील जहन में आते हैं, लेकिन रॉकेट बर्ड इन दोनों पक्षियों से भी तेज हमला करती है। उत्तरी अमेरिका में पाई जाने वाली इस चिड़िया का नाम पेरेग्रिन फाल्कन है।

### 390 किमी प्रति घंटा की गति से हमला

पेरेग्रिन फाल्कन अपनी तेज रफ्तार से हमला करने के लिए जाना जाता है। आसमान हो या जमीन रॉकेट बर्ड के हमला करने की औसत रफ्तार 320 किलोमीटर प्रति घंटा होती है। नेशनल ज्योग्राफिक टीवी प्रोग्राम के मुताबिक इसकी अधिकतम गति 390 किमी/घंटा हो सकती है। इसकी रफ्तार इतनी तेज है कि पलक झपकने से भी कम समय में ये शिकार को गायब कर देता है। इसके शिकार की कला को नंगी आंखों से देखना बहुत मुश्किल है। अगर वीडियो है तो उसे स्लो मोशन में देखा जा सकता है।



### कैसा दिखता है ये पेरेग्रिन फाल्कन!

रॉकेट बर्ड के शरीर का सामने वाला हिस्सा सफेद होता है, लेकिन यह पीछे से नीले और भूरे रंग का होता है। उसका सिर काले रंग का होता है। इसको डक हॉक के नाम से भी जाना जाता है। इनमें नर मादा की तुलना में छोटे आकार का होता है। ये चिड़िया 13 से 23 इंच लंबी हो सकती है। इसकी पंख 29-47 इंच का होती है। मादा पेरेग्रिन फाल्कन की वजन 1.5 किलो का हो सकता है लेकिन नर का 1 किलो होता है।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl